कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 340, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 09 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# इंडिया गठबंधन में आ सकती है बसपा

## अखिलेश बोले- यह बात उछालना बीजेपी की साजिश

**लखनऊ**

बसपा की ओर बढ़ रहे कांग्रेस के हाथ में सपा को भाजपा की साजिश नजर आ रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इंडिया की बैठक में कभी इस तरह की कोई बात ही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा तमाम तरीकों से विपक्षी गठबंधन को कमजोर करने के लिए अभियान चला रही है। इस तरह की बातें भाजपा की इसी रणनीति का हिस्सा हो सकती हैं। अखिलेश यादव प्रदेश सपा मुख्यालय पर सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। यूपी कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को मीडिया से कहा था कि इंडिया गठबंधन में बसपा समेत अन्य समान विचार वाले दलों को लाने के प्रयास चल रहे हैं। इस पर अखिलेश से सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में इस तरह की कोई बात होती तो उनकी जानकारी में जरूर होती। भाजपा गठबंधन को कमजोर करने के लिए चारों तरफ से आक्रमण कर रही है। किसी का नाम लिए बिना अखिलेश ने कहा कि कुछ लोगों से भाजपा इस तरह के बयान कहलवा रही है।

उधर, राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेताओं की इसी सप्ताह बसपा के एक प्रभावशाली नेता से मुलाकात होने की संभावना है। कुल मिलाकर कांग्रेस यूपी में बसपा से गठबंधन की अधिक इच्छुक बताई जा रही है। वहीं, सपा सूत्रों का कहना है कि पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के साथ गठबंधन का सपा को कोई फायदा नहीं हुआ था। बसपा अपने परंपरागत वोटों को सपा प्रत्याशियों के पक्ष में ट्रांसफर नहीं करवा पाई थी।

**केशव के बयान पर शिवपाल का पलटवार**

इंडिया गठबंधन में बसपा को लाए जाने की चर्चाओं के बीच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी तीर चलाए हैं।



## हमें विपक्षी एकता की परवाह: जदयू

**हमें** विपक्षी एकता की परवाह है। जदयू 17 सीटों की दावेदारी से भी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है और अपनी 16 सिटिंग सीटों के बारे में भी स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी तरह के समझौते के पक्ष में नहीं है। बात यहीं पर नहीं ठहरी है। जदयू ने सहयोगी दलों को अपनी ताकत का अहसास कराने के लिए पटना से दिल्ली आकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की। साथ ही सीतामढ़ी एवं दरभंगा दो सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी। दो दिन के भीतर ही अरुणाचल प्रदेश की एक सीट पर अपने प्रत्याशी के लिए पत्र भी जारी कर दिया। जदयू के इन सारे एकतरफा निर्णयों को कांग्रेस के लिए सांकेतिक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। माना यह भी जा रहा है कि अगर चार-पांच दिनों के भीतर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई तो नीतीश अपनी चुनावी तैयारियों को एक कदम और आगे बढ़ा सकते हैं।

## 'कांग्रेस से बुआ हाथ न मिला लें, कहीं इसलिए बबुआ परेशान नहीं'

**केशव** ने एक्स के जरिये कहा कि कांग्रेस से बुआ हाथ न मिला लें, कहीं इसलिए तो बबुआ परेशान नहीं हैं। इस पर शिवपाल ने जवाब देते हुए कहा कि केशव की संगठन और सरकार में तो चल नहीं रही है, इसलिए संगठन और सरकार के दायित्व से इतर बहुत पैनी नजर रख रहे हैं। कहीं भाजपाई दंगल में बाहर कर दिए जाने की वजह से """"""दल और दिल"""""" बदलने का उनका इरादा तो नहीं है।



**फ्लाई ओवर से दिक्कत तो चलवा दें बुलडोजर**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा शासन में लखनऊ में बसपा कार्यालय के सामने बने फ्लाईओवर से मायावती को खतरा है तो वे केंद्र को पत्र लिखकर इसे बुलडोजर से ढहवा दें।

अखिलेश ने यह बात मायावती के उस एक्स पर दी, जिसमें उन्होंने इस फ्लाईओवर को सपा सरकार में हुए दलित विरोधी कृत्यों में से एक बताया है। इस संबंध में किए गए सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि ट्रैफिक की जरूरतों को देखते हुए उनकी सरकार में इस पुल का निर्माण हुआ था। हालांकि, तब भी कुछ लोगों ने इसके निर्माण को रुकवाने की कोशिश की थी।

## कांग्रेस के टालू रवैये से टूट रहा जदयू का धैर्य



**नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन के घटक दलों में सीटों पर तालमेल, प्रत्याशियों के चयन एवं संयुक्त कार्यक्रमों की घोषणा में टालमटोल के रवैये से जदयू का धैर्य टूटता दिख रहा है। बिहार की सभी सीटों पर कांग्रेस के समन्वयकों की नियुक्ति एवं घटक दलों की चार-चार बैठकों का अबतक सकारात्मक निष्कर्ष नहीं निकलने के कारण जदयू की नाराजगी पर्दे के बाहर आने लगी है। अनावश्यक देरी के लिए जदयू ने कांग्रेस को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा है कि भाजपा की बढ़ी हुई तैयारियां हमें चिंतित करती हैं। कांग्रेस के प्रति तल्ख बयानों के साथ-साथ जदयू अपनी एकतरफा तैयारी भी करते दिख रहा है। मित्र दलों को नजरअंदाज करते हुए जदयू ने तीन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अपने स्तर से पहले ही कर दी है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस का रवैया अगर ऐसा ही बना रहा तो जदयू अपने हिस्से की कुछ अन्य सीटों पर भी प्रत्याशियों की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे जदयू की नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी तो सोमवार को खुलकर सामने आ गए और विलंब की सारी जिम्मेवारी कांग्रेस पर डाल दी। यहां तक कि उन्होंने कांग्रेस के विचारों पर भी प्रश्न खड़े कर दिए। बंगाल में अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति शासन की मांग को त्यागी ने प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला करार दिया और कहा कि कांग्रेस को सिर्फ अपनी पार्टी की चिंता है।

## छात्रा की कथित आत्महत्या मामले में एनएचआरसी ने तेलंगाना सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने रंगारेड्डी जिले में इंजीनियरिंग की एक छात्रा द्वारा अपने महाविद्यालय में की गई कथित आत्महत्या पर तेलंगाना सरकार को नोटिस जारी किया है। 05 जनवरी, 2024 को एक मीडिया रिपोर्ट पर एनएचआरसी ने स्वतः संज्ञान लिया है। कथित तौर पर पीड़िता ने तीन महीने पहले ही महाविद्यालय ज्वाइन किया था। वह कुकटपल्ली स्थित अपने आवास से रोजाना बस से महाविद्यालय आती-जाती थी। आयोग ने तेलंगाना सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने रिपोर्ट में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई पुलिस जांच और जांच के नतीजे, घटना के लिए जिम्मेदार पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है। इस तरह की दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम की जानकारी भी देने को कहा है। 06 जनवरी, 2024 को आई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उसके साथी छात्र उसे रुकने के लिए अनुरोध कर रहे थे तब भी पीड़िता ने यह दर्दनाक कदम उठाया। छात्रों और महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा उसे इस्नापुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे "मृत" घोषित कर दिया।

## 'कोरोना: 24 घंटे में कोरोना के 605 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली**

देश में कोविड मामलों में एक बार फिर सामने आने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में कोविड के 605 नए मामले सामने आए हैं, जबकि संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 4,002 हो गई है। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत हुई हैं, जिसमें से दो केरल से और एक-एक कर्नाटक और त्रिपुरा में हुई।

## बिलकिस बानो के दोषी फिर जाएंगे जेल

**नई दिल्ली**

बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले और 2002 के गुजरात दंगों के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के 11 दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। 11 दोषियों की समय से पहले रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार का फैसला पलटा**

सोमवार को इस मामले में न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की विशेष पीठ ने फैसला सुनाया। याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सभी दोषियों की सजा में मिली छूट को रद्द कर दिया। गुजरात सरकार ने पिछले साल मामले में 11 दोषियों को रिहा किया था। अब कोर्ट के फैसले के बाद सभी 11 दोषियों को वापस जेल जाना होगा। पीठ ने गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए कहा कि गुजरात राज्य द्वारा शक्ति का प्रयोग सत्ता पर कब्जा और सत्ता के दुरुपयोग का एक उदाहरण है।



**दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों को रिपोर्ट करने का निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने सभी 11 दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है।

ही पीठ ने कहा कि यह इस अदालत का कर्तव्य है कि वह मनमाने आदेशों को जल्द से जल्द सही करे और जनता के विश्वास की नींव को बरकरार रखे।

## 'गरीबों के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि एक सशक्त भारत तब सुनिश्चित होगा जब चार जातियां गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्त होंगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यात्रा का सबसे बड़ा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाओं का कोई भी सही लाभार्थी छूट न जाए। उन्होंने कहा कि जब से यात्रा शुरू हुई है, लगभग 12 लाख नए उज्ज्वला



योजना लाभार्थियों ने मुफ्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए आवेदन दिया है। पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीबों के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रही है। यह देखते हुए कि "मोदी की गारंटी का वाहन" देश के हर कोने तक पहुंच रहा है, प्रधानमंत्री ने कहा कि किसने सोचा था कि अधिकारी और राजनेता गांवों और देश के हर कोने में लोगों के दरवाजे पर आएंगे। उन्होंने कहा, "देश ही नहीं दुनिया में 'मोदी की गारंटी' की चर्चा हो रही है।" ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। पीएम ने कहा, "चाहे मुंबई जैसा महानगर हो, या मिजोरम का एक छोटा सा गांव...'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' देश के हर कोने तक पहुंच रही है।"कार्यक्रम के दौरान मोदी ने उन लाभार्थियों से भी बातचीत की जिन्होंने सरकार की पहल की सराहना की।

## 'हमने योग का पेटेंट करा लिया तो... यह हमारे ऋषि-मुनियों की देन'



**नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश और दुनिया की स्वास्थ्य चिंताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना और दुनिया के स्वास्थ्य की चिंता करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, "हमारे लिए, स्वास्थ्य केवल राष्ट्र तक सीमित नहीं है।

हम 'वसुधैव कुटुंबकम' के दर्शन में विश्वास करते हैं। विश्व हमारा परिवार है, ये हमारे मूल्य, सभ्यता और जीवनशैली हैं। हम जो ज्ञान प्रदान करते हैं उसका पेटेंट नहीं कराते हैं। अगर हमने योग का पेटेंट करा लिया तो क्या होगा? यह हमारे ऋषि-मुनियों की देन है लेकिन हमने इसका पेटेंट नहीं कराया। हमें खुशी होती है जब दुनिया योग करती है। हमने दुनिया की सेवा की है।"

**हम रेमडेसिविर से जितना पैसा चाहते उतना कमा सकते थे- मंडाविया**

स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने आगे कहा, "कोरोना काल में हमें स्वास्थ्य को वाणिज्य (उड्ढीशृ) के रूप में देखने का मौका मिला। तब दुनिया के पास दवा नहीं थी। हम एजिथ्रोमाइसिन, रेमडेसिविर से जितना पैसा चाहते उतना कमा सकते थे। दुनिया के पास कोई विकल्प नहीं होता।"

## मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरा: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**अहमदाबाद**

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा है कि उसने बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए 100 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी एक्स पर भूमि अधिग्रहण की जानकारी को शेयर करते हुए कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल लाइन बनाई जा रही है। एनएचएसआरसीएल ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि उसने गुजरात के वलसाड जिले के जरोली गांव के पास स्थित 350 मीटर लंबी और 12.6 मीटर व्यास वाली पहली पहाड़ी सुरंग को केवल 10 महीने में पूरा कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 70 मीटर लंबा और 673 मीट्रिक टन वजन वाला पहला स्टील पुल सूरत में एनएच-53 पर बनाया गया था।



## 'पश्चिम बंगाल में पीडीएस घोटाला बहुत बड़ा'

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले मामले में जांच एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने कहा कि बंगाल पुलिस ने संदेशखली में तलाशी दल पर हमले में जमानती, गैर-अधिसूचित अपराधों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

हमारे साथ प्राथमिकी की प्रति भी साझा नहीं की गई है। ईडी ने कहा कि स्थानीय पुलिस को सूचित किए जाने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आद्या की गिरफ्तारी के दौरान भीड़ ने उसकी टीम पर हमला किया। इस घटना में भी प्राथमिकी दर्ज की गई। ईडी ने दावा किया कि बंगाल में पीडीएस घोटाला बहुत बड़ा है। इसमें एक संदिग्ध द्वारा हस्तांतरित की गई अपराध से प्राप्त आय 9,000-10,000 करोड़ रुपये है।

## प्रदेश में तैयार होगा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवारों की आर्थिक स्थिति: सीएम योगी

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित की बैठक में प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े 06 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की




अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2% का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1% रही, जबकि देश की विकास दर 18.4% रही। जबकि स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3% वृद्धि दर रही।

वर्तमान स्थिति में 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने के अनुमान हैं, वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। अपने कार्यों की और बेहतर प्लानिंग करनी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है। सभी को मिलकर सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना होगा।

हमारी योजना लक्ष्य के अनुरूप हो, इसके लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। विभिन्न सेक्टर की स्थिति के सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन करें। हमारे पास पोटेंशियल है। आज अनुकूल अवसर हैं। इसका पूरा लाभ उठाना होगा। आर्थिक बेहतरी के लिए तय लक्ष्यों के सापेक्ष नियोजन विभाग द्वारा हर महीने सभी विभागों की प्रगति समीक्षा होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था के प्राथमिक खंड में सुधार के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश किया गया है।

# मेजा ऊर्जा निगम में शुरू हुआ बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023-24 का शीतकालीन सत्र

अखंड भारत संदेश

## बालिकाएं मेजा ऊर्जा निगम की हैं ब्रांड एंबेसडर : सुनील कुमार

**मेजा।** बीते सोमवार को मेजा ऊर्जा निगम में सीईओ सुनील कुमार ने बालिका सशक्तिकरण अभियान (शीतकालीन सत्र 2023-24) का उद्घाटन किया। शीतकालीन सत्र 14 जनवरी तक चलेगा जिसमें आर्ट और क्राफ्ट, नृत्य, योग, संगीत और थिएटर सहित विविध प्रशिक्षण गतिविधियों को कराया जाएगा। यह वर्कशॉप ग्रीष्मकालीन सत्र के बाद रखी जाती है ताकि जो भी बालिकाओं ने उस सत्र में सीखा, उसे पुनः दोहरा पाएँ और कुछ नया सिखाया जा सके। गौरतलब है कि हर वर्ष, अपने सामुदायिक विकास कार्यों के तहत, मेजा ऊर्जा निगम अपने आसपास के गांवों से 40 बालिकाओं का चयन करता है और उन्हे ग्रीष्मकालीन सत्र में चार हफ़्तों का प्रशिक्षण प्रदान करता है और अंत में उनमें से 10 प्रतिशत बालिकाओं को अपने स्कूल में आगे की शिक्षा प्रदान करवाता है। कार्यक्रम के दौरान,






सीईओ श्री सुनील कुमार ने बालिकाओं को संबोधित किया और कहा कि आप सभी इस देश के बेहतर भविष्य की नींव हैं क्योंकि लड़कियों में समाज को बदलने की शक्ति होती है। आपका समर्पण, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति आपको आपके सपनों तक ले जाएगी इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए उन्होने आगे यह भी कहा कि आप सभी मेजा ऊर्जा निगम की ब्रांड एंबेसडर हैं, आप जितना तरक्की करेंगी, जहां भी जाएंगी, इस कंपनी के योगदान को हमेशा याद करेंगी इसलिए कड़ी मेहनत करें, अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखें, सफल हों और आप जहां भी जाएं हम सभी को गौरवान्वित करें। कार्यक्रम के दौरान, अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती ऊषा कुमार नें भी बालिकाओं को संबोधित किया और कहा कि भारत सरकार लड़कियों के लिए कई ऐसे प्रयास कर रही है जिससे उन्हे हर तरह से सशक्त किया जा सके। हमारा यह सौभाग्य है कि हम उस पहल में अपना योगदान दे पा रहे हैं। उन्होंने बदलते परिदृश्य पर जोर देते हुए कहा लड़कियां हर क्षेत्र में समान रूप से खड़ी हैं और देश के विकास में योगदान देने के लिए समान अवसर की हकदार हैं। इस अवसर पर बालिकाओं नें भी अपने विचार और पिछले अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का आयोजन मेजा ऊर्जा निगम की सीएसआर टीम ने किया। प्रोग्राम में अन्य विभागाध्यक्ष, अपराजिता महिला समाज की उप-अध्यक्षाएँ, सीएसआर टीम एवं अन्य स्टाफ के लोग भी उपस्थित रहे।

# डा मुरली मनोहर जोशी राष्ट्र धरोहर एवं जागरूक नेता हैं : संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** डॉ संगम मिश्र ने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपना प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक बताया। पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ मुरली मनोहर जोशी से उनके दिल्ली स्थित निज निवास में आशीर्वाद प्राप्त कर जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए दीघार्यु होने की इश्वर से प्रार्थना किया। उन्होंने ने कहा आप प्रयागराज के विकास में बतौर सांसद इलाहाबाद के विकास पुरुष हैं।अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास मेंअहम भूमिका निभाई है।भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र नई दिल्ली में प्रयागराज के पूर्व सांसद और पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी के 90 वें जन्म दिवस पर उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित करने के पश्चात दूरभाष पर बताया कि आदरणीय डॉ मुरली मनोहर जोशी जी न केवल सरल व्यक्तित्व के धनी हैं, बल्कि राष्ट्र के धरोहर एवं जागरूक राष्ट्र नेता हैं। उन्होंने डा जोशी के 90 वें जन्मदिवस पर उनके दीर्घ जीवन की शुभकामना देते हुए कहा कि उनसे मिलकर ऐसा लगा कि हम अपने अभिभावक और अपने परिवार के सदस्य से मिल रहे हैं।डॉ मिश्र ने कहा कि आप भारतीय जनता पार्टी के उत्थान और प्रगति के संवाहक रहे हैं।उधर सेंट्रल एके-



डमी झूंसी प्रयागराज के डायरेक्टर एस.के.तिवारी एवं शंकर देव त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने डॉ मुरली मनोहर जोशी के 90 वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों का मुंह मीठा कराया एवं उनके दीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर भाजपा के कई दिग्गज नेता भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हैक कर विभिन्न नम्बरो पर मांगा पैसा, लोगों में मचा हड़कंप

**मांडा।** थाना मांडा अन्तर्गत भुक्तभोगी मांडारोड निवासी संदीप कुमार केशरवानी के मोबाइल द्वारा हैक कर लिया गया। मोबाइल हैक करने के उपरान्त विभिन्न नम्बरों से व्हाट्सएप बनाकर भुक्तभोगी का प्रोफाइल पिक्चर लगाकर लोगों से पैसे की माँग कर रहा है। भुक्तभोगी से परिचित लोगों को फोनकर जानकारी दिया तो अवाक रह गए। और व्हाट्सएप पर 9861913417, 7088456800, 9510291538 नम्बर पर लोगों से पैसे माँगे जा रहे हैं। जिस पर एक व्यक्ति द्वारा 20 हजार रूपया भी भेज दिया गया है। विभिन्न नम्बरो के माध्यम से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आने पर हर कोई व्यक्ति अवाक रह गए हैं।

## संगोष्ठी आयोजित कर वितरित किए गए जरुरत मंदों को कंबल



**सहसों।** छत्रपति शाहू जी महाराज पार्क गोल चौराहा सहसों के प्रांगण में रविवार को एक सामाजिक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें गुणात्मक शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा, चलो गांव की ओर आदि विभिन्न विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए घर परिवारों के जन जन तक शिक्षा की देवी समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख की जयंती के उपलक्ष में प्रेरणा स्वरूप संकल्प भी लिया गया। संगोष्ठी के उपरांत शिक्षक सत्येंद्र सिंह के संयोजन में जरूरतमंदों को प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद धर्मराज सिंह पटेल, अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, महामंत्री सुरेश सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक रामानुज सिंह, नरेंद्र सिंह, विवेकानंद जी, प्रबंधक अरविंद सिंह, नीरज सिंह पटेल, शिक्षक सुरेंद्र सिंह, अरुण पटेल, बी डी सिंह, समाजसेवी हिंछ लाल सिंगरौर, डॉक्टर सुग्रीव सिंह, प्रोफेसर ओम प्रकाश, रणधीर सिंह, मुन्ना, डीबी सिंह, गनेश केसरवानी, चंद्रशेखर चौरसिया, भागीरथी भारतीया, गुलाब सिंह, सदाशिव सिंह, पार्वती, अनंत राम, शालिकराम, रतई, विपिन, विनोद, विजय भान एवं कृष्णराज सहित आदि सहयोग करते उपस्थित रहे।

# वर्चुअल कवि सम्मेलन में भारतेन्द्र त्रिपाठी कविता पाठ के लिए हुए आमंत्रित

**सहसों।** दुनिया का सबसे बड़ा वर्चुअल कवि सम्मेलन बुलंदी संस्था द्वारा आयोजित होने जा रहा है। जोकि 10 जनवरी 2024 से विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर नामक इस कवि सम्मेलन को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन द्वारा विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। यह कवि सम्मेलन 10 जनवरी से 16 जनवरी तक दिन रात अनवरत चलेगा। उक्त आयोजन में प्रयागराज जनपद के देवनहरी ग्राम सभा निवासी पेशे से शिक्षक और उभरते हुए युवा कवि भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी को भी काव्य पाठ के लिए संस्था के संस्थापक



अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश द्वारा आमंत्रित किया गया है ' बुलंदी संस्था ने वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाकर दो बार विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है। जिससे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है। इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने काव्य पाठ कर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती है। जिसका उद्देश्य नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना है। इसके लिए संस्था लगातार कार्य कर रही हैं। वर्चुअल कवि सम्मेलन में युवा कवि भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी के आमंत्रित होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा एवं कृष्ण चंद्र पांडे सहित आदि क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है।

## ठंड लगने से युवक की मौत पर फैलाई गई अफवाह पर पुलिस ने विराम लगाया

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिंसई सिपाह गांव में ठंड से एक युवक की मौत हो गई। जिसपर यह अफवाह फैला दी गई कि वह आत्महत्या किया तो कोई गोली की बात बताता रह। बहरहाल पुलिस ने मामले को झूठा करार देते हुए ठंड अथवा डेंगू की मौत बताई।मालूम कि सोमवार सुबह ग्राम सिंसई सिपाह निवासी आजम अली 22 वर्ष पुत्र हसमत उल्ला की ठंड से मौत हो गई।

क्षेत्र में यह अफवाह फैला दी गई कि युवक ने फांसी लगाई है किसी ने गोली लगने की अफवाह फैला कर मामले को गर्मा दिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर बताया कि वह ठंड,डेंगू से मरा है। शाम को आजम अली को दफना दिया गया।

# समझौते के दौरान विवाहिता पक्ष गाड़ी का शीशा फोड़ा

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** डेढ़ महीने पूर्व विवाहिता को घर से खदेड़ने के बाद बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने के मामले में सोमवार को समझौता करने आए दोनों पक्षों में थाने के पास जमकर मार पीट हो गयी। इस दौरान कार के शीशे तोड़कर चकनाचूर किए जाने के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। 16 दिसम्बर को थाना मांडा क्षेत्र के मोगलहा गांव निवासी श्याम सुंदर चौबे ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उनकी नातिन शिवानी की शादी कोरांव थाना क्षेत्र के बहियारी गांव निवासी अभिषेक पांडेय के साथ 12 दिसम्बर 2021 को शादी की थी।जिसमे ढाई लाख रुपये नकद की मांग को लेकर पति अभिषेक पांडेय, ससुर, सास सुशीला, जेठ अरविंद पांडेय, चचिया ससुर रंजीत कुमार पांडेय विवाहिता को प्रताड़ित कर छोड़ दिए। 13 दिसम्बर को बिना शिवानी को तलाक दिए अभिषेक की दूसरी शादी मध्यप्रदेश के त्यौंथर थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर, उमरी बुदामा गांव निवासिनी रोशनी के साथ कर दी। मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना थाने के दरोगा शहनवाज आलम को सौंपी गई। सोमवार को दोपहर बाद मांडा ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में विवाहिता व ससुराल पक्षों के बीच समझौता को लेकर पंचायत रखी गई जिसमे क्षेत्र के संभ्रांति लोगों के सामने दोनो पक्षों ने अपनी अपनी बाते रखा और दोनों के बीच कहासुनी होने पर विवाहिता के ससुरालजन ब्लॉक मुख्यालय के सभागार से निकल कर पुलिस आवास के सामने खड़ी गाड़ी पर सवार होकर निकले का प्रयास किया तो विवाहिता पक्ष के नाराज परिजनों ने गाड़ी रोक कर गाली गलौझ करना शुरू कर दिया



और गाड़ी से बाहर निकालने लगे। बाहर न निकलें पर पत्थर से प्रहार शुरू कर दिया तब तक गाड़ी में बैठे लोगों ने किसी तरह से जान बचाकर मांडा थाने में पहुंचे। सूचना पर मांडा पुलिस ने भागते हमलावरों को दौड़कर दबोच लिया और मांडा थाने लाया गया। उक्त मामले में मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तारी की जाएंगी।

**वर्जन**
सबसे पहले मैं उन लोगों को जिम्मेदार मानता हूं जो अपनी जिम्मेदारी छोड़कर भाग रहे थे अगर दोनों पक्षों को समझौते के लिए थाने के आसपास बुलाई हो तो उसका निस्तारण करवाना चाहिए न की मारपीट करवाकर भाग जाना चाहिए ।जिसे देखकर मैं काफी आहत हूं उक्त मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही।
**मांडा एसआई शहनाज आलम**

# शोभायात्रा पर लोगों ने बरसाए फूल,फूट-फूट कर रोया कारसेवक

**कौंधियारा।** अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को लेकर जारी बाजार में स्वयंसेवकों और नागरिकों द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई । रविवार को दोपहर निकलु गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल रहे । टीम में अक्षत कलश और राम के पत्रक को लेकर लोग घर-घर जा गये । महिलाएं अपने आंचल में अक्षत लेकर माथे पर लगाते देखी गई । यह शोभायात्रा हनुमान मंदिर गडैय़ा बाजार से निकलकर पुलिस चौकी, मंडी समिति, करछना रोड होते हुए हनुमान मंदिर पर ही समाप्त हुई । इस दौरान कई जगह शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की गई । कलश लेकर बाजार में पड़ने वाले कई मंदिरों पर भी दल ने पूजा अर्चना भी की । गाजे बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा और राम धुन के डीजे ने सबका मन मोह लिया । नौजवान हाथों में भगवा ध्वज की पताखाएं लहरा रहे थे । कई व्यापारियों ने पूजित अक्षत लेकर उसे अपने गल्ले में डाला । कुछ महिलाएं रसोई में ले जाकर अन्न भंडार में इस अक्षत को रखती देखी गई। फूट-फूट कर रोया कारसेवक प्रयागराज जिले के जारी बाजार मे रविवार को एक स्वयंसेवक सुभाष अग्रहरि जो 1990 अयोध्या कार सेवा में गए थे ,कई दिनों तक भूखे प्यासे रहे, पुलिस की लाठियां खाई और जेल में भी बंद रहे, बाद में अयोध्या मंदिर तक पहुंच गए थे ।इस समय 70 वर्ष के अपने अंतिम



उम्र के पड़ाव में जी रहे हैं । जब उनके दरवाजे अयोध्या से पूजित अक्षत लेकर स्वयंसेवक पहुंचे तो वह रो पड़े उन्होंने कहा कि हमारी सारी पीड़ा आज समाप्त हो चुकी है । अब इससे बड़ा हमारा क्या सौभाग्य होगा कि मै अपनी आंखों के सामने राम लला का भब्य मंदिर देखने जा रहा हूं । इतना कह कर सुभाष जी फूट-फूट कर जी भर रोए । उनके दरवाजे पर अक्षत कलश लेकर पहुंचे संघ केस्वयंसेवक भी बेहद भावुक हो गए। शोभायात्रा में बड़े हनुमान मंदिर के महंत बाबा बालक दास, सुरेश केसरवानी, विपिन गुप्ता,वीरेंद्र जायसवाल, गोविंद शरण, कपूर चंद्र अग्रहरी, कृपानाथ तिवारी, राकेश अग्रहरी, राजेंद्र केसरवानी, धर्मेंद्र सोनी, पप्पू केसरवानी, राजेश त्रिपाठी आदि लोग शामिल रहे।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत आमंत्रण पत्र का हुआ वितरण

**सिरसा** प्रयागराज मेजा क्षेत्र ग्राम पंचायत चिलबिला में अयोध्या धाम में 22 जनवरी के अवसर पर श्रीराम लला के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या धाम से प्राप्त अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को ग्राम वासियों के मध्य उनके घर पर जाकर अपार जन समुह के साथ वितरित किया गया जिसमें ग्राम वासियों का



अपार स्नेह और समर्थन प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व सुधाकर पांडेय (पूर्व मण्डल अध्यक्ष) के द्वारा किया गया। पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधाकर पांडेय ने कहा कि 22 जनवरी राम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखने तथा शाम को हर घर मे दिप जलाकर दीपउत्सव की अपील की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सन्तोष कुमार शुक्ला, कमलेश मिश्र, सलीलेश मिश्र, रंजीत सिंह पटेल, गोपीकांत शुक्ल, देवेंद्र नाथ शुक्ल, शिव शंकर पांडे, अखिलेश केशरी,मोहम्मद निहाल, आशीष केसरी, छोटू भारतीय ,सूरज भारतीय, सुनील भारतीय, रोशन भारतीय ,राजेंद्र भारतीय ,सुमित भारतीय ,रमेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा राज मान विश्वकर्मा, विमलेश गुप्ता, विमलेश गुप्ता ,भोला गुप्ता, गुड्डू विश्वकर्मा ,गुड्डू विश्वकर्मा गुलाब शर्मा ,गुंडा शर्मा, बुद्धू शर्मा ,दीपचंद केसरी,उमाकांत तिवारी, पंकज शुक्ला ,मनोज शुक्ला ,अनिल शुक्ला,अमृतलाल विश्वकर्मा, शिव शंकर विश्वकर्मा व अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता अवस्थि रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**उतराव।** प्रयागराज के सरायइनायत थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमानगंज गामा हॉस्पिटल के समीप बृहस्पतिवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर आस पास के लोगों ने पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची सरायइनायत पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि खेमराज उम्र 42 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी अतरौड़ा थाना उतराव प्रयागराज बृहस्पतिवार को सुबह घर से प्रयागराज हेतु किसी कार्य से गया था जहां घर के लिए लौट रहा था की जैसे ही हनुमानगंज स्थित गामा हॉस्पिटल के समीप पहुंचा था कि हंडिया से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से बाइक सवार खेमराज की जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोट आ गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जहां सूचना पर पहुंची सरायइनायत पुलिस ने घायल युवक को प्रयागराज जिला अस्पताल इलाज हेतु भिजवाया जहां घायल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है वही घायल युवक के जेब में रखें आधार कार्ड से खेमराज निवासी अतरौड़ा थाना उतराव प्रयागराज के रूप में हुई वही घटना की जानकारी खेमराज के परिजनों को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## न्यूज झरोखा

### घर का ताला तोड कर चोरों ने की लाखों की चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में सूने घर का पांच ताला तोड कर चोरों ने संदूक, बॉक्सों, अलमारी का ताला तोड कर लाखों का गहना बर्तन चोरी कर ले गए। महिला जब घर आयी तो हुई लाखों की चोरी देखकर बेहोश हो गई। महिला ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासनीय नौशीन बानों पुत्री मोहम्मद अय्यूब के माता पिता



बीमारी के कारण मुंबई गए हुए हैं ।भाई ट्रक चालक हैं। नौशीन बानों अपनी छोटी बहन इमराना के साथ घर पर रहती है । नौशीन बानों के अनुसार वह इलाज के सिलसिले में घर में ताला बंद कर बहन को लेकर प्रयागराज चली गई। देर होने के कारण वह प्रयागराज में रिश्तेदार के यहां रूक गयी। सुबह दस बजे घर आयी तो देखी तो घर के सभी पांच दरवाजों का ताला टूटा था।सन्दूक,बक्सा में रखे उसके भाभी का सोने का सारा जेवर, मंगलसूत्र,पायल, अंगूठी,पति की भी अंगूठी, माता मंगलसूत्र,हार झुमकी,हार आदि लगभग तीन लाख और पीतल,तांबा का कई बोरी बर्तन चोर चोरी कर ले गए ।यह देखकर नौशीन बानों बेहोश हो गई। बताया गया है कि लगभग चार लाख के करीब चोरी हुई है। नौशीन बानों ने मऊआइमा थाने और रामफल इनारी पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

### पहाड़पुर ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बताई गई सरकार की योजनाएं

**उतरांव।** ब्लॉक बहादुरपु क्षेत्र के ग्राम सभा पहाड़पुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईश्वर चंद्र बिंद एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अरुणेंद्र कुमार यादव ने आकर सरकार की



उपलब्धियां एवं योजनाएं जनता को बताई। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बिनाई और कहां की सरकार का मकसद है कि सभी जन कल्याणकारी योजनाएं पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसलिए सरकार गांव गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कराकर ग्रामीणों को एवं गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले संकल्प यात्रा के तहत सुंदर भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान राजीव कुमार यादव आए हुए अतिथियों का आभार एवं स्वागत सत्कार किया इस अवसर पर। मास्टर रामसजीवन यादव, बेलाल अहमद, मानसिंह, बुधीराम यादव , अरविंद कुमार तिवारी, दिनेश चंद, अमर सिंह पटेल, शंभू नाथ यादव, कमलेश कुमार,आदि लोग मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा पहुँची खुरमा व गोरैया कला

**मांडा।** विकास खंड मांडा क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुरमा व गोरैया कला ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा किये गए कामों की उपलब्धियां गिनाई।



यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कराये गए इस संकल्प यात्रा के तहत कोई भी ग्रामीण सरकार की योजनाओ से वंचित न रह जाए इसके लिए सरकार ने संकल्प यात्रा के जरिये योजनाओ की जानकारी दी। वही कार्यक्रम में आई गर्भवती महिलाओ को गोद भराई व छः माह पुरा कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में राम अवध मिश्रा ,प्रधान खुरमा समर बहादुर , सचिव चंद्रशेखर सिंह , हल्का लेखपाल मलखान सिंह यादव, रोजगार सेवक राघवेंद्र सिंह ,पंचायत सहायक अमित कुमार मौर्य, तकनीकी सहायक दिनेश पांडेय व मुरलीधर, हैदर अली , सलमा बेगम, पार्वती देवी आदि के अलावा भागीरथी बिंद,दशरथ बिंद, दूधनाथ, प्राणनाथ ,चिंतामणि, मांडा एसआई अरुण कुमार शुक्ला, हेड कांस्टेबल हरे राम मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान के पिता भिखारी लाल बिंद ने किया।

### एसपीओ टीम की माघ मेला 2024 के लिये एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई

**नैनी।** नैनी एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह ने माघ मेला 2024 के लिये एक आवश्यक बैठक जनसम्पर्क अधिकारी के आवास पर बुलाई जिसमें उप प्रभारी परवेज अहमद, संगठन सचिव रविन्द्र, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, एवं राम जी जायसवाल, व फिरोज मजूद रहे बैठक मे मेला सम्बिधत निर्णय लिये गये एव सदस्यों की उपस्थित और मेला कार्ड के बारे मे चचार्ये की गयी कुछ अहम मुद्दो पर उप प्रभारी ने अपने विचार रखे जिस पर सभी अधिकारीयो ने अपनी सहमति जताई। जो लगातार ड्यूटी पर नहीं आ रहे है उनको प्रभारी ने एक और मौका दिया कि माघ मेले के दैरान अपनी उपस्थित दर्ज कराले जिससे टीम में उनकी स्थित यथावत बनी रहे अन्यथा लगातार अनुपस्थित रहने वाले स्पेशल पुलिस अधिकारियों की जगह नये सदस्यो को रखने का अभियान नैनी कोतवाली के नियमानुसार कराया जायेगा। मेला को शकुशल सम्पन्न कराने में एसपीओ टीम का हमेशा योगदान रहा है। अतः इस बार भीं आप सभी को अपना अपना दायित्व निभाना है मेला प्रभारी के नाम की घोषणा जल्दी ही की जायेगी जिन्होने अच्छा कार्य किया है वह सभी बधाई के पात्र है। और टीम आशा करती है कि सभी अपने कार्यो से अच्छा परिणाम देने की कोशिश करेगे।

### बीएमजी इंटर कॉलेज बघेडा.की छात्रा अंशिका सिंह नेशनल गर्ल्स क्रिकेट टूनार्मेंट में शामिल




**करछना** प्रयागराज बीएमजी इंटर कॉलेज बघेडा. की 10 वीं कक्षा की छात्रा अंशिका सिंह पुत्री बलदीप सिंह का उत्तर प्रदेश की अंडर-19 वर्ष गर्ल्स स्कूल नेशनल क्रिकेट टीम की प्रतियोगिता में चयन हो गया है। जिससे विद्यालय समेत परिजन खुश हैं। छात्र अंशिका सिंह के चयन से कॉलेज के प्रबंधक एनपी सिंह व प्रधानाचार्य प्रसन्नजीत बनर्जी तथा कॉलेज व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है और बधाई भी दी है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट 19 वर्ष प्रतियोगिता अहमदाबाद गुजरात में 11 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित की गई है। जिसमें प्रयागराज की इकलौती बीएमजी इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका सिंह शामिल है। यह जानकारी डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान उत्तर प्रदेश स्टेडियम अयोध्या के प्राचार्य भगवती सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के हवाले से प्राप्त हुई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भवः बृहद स्वास्थ्य मेले में निःशुल्क जांच हुई

**करछना** प्रयागराज विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खंड के अंतहिया व खांई गांव में सोमवार को आयोजित हुई। जहां पर लोगों की ओर से यात्रा का स्वागत किया गया। खांई गांव की यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में करछना




विधायक पीयूष रंजन निषाद मौजूद रहे। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी और कल्याण कारी योजनाओं के विषय में लोगों के बीच में एक-एक करके बताया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाभार्थियों से संवाद का लाइव प्रसारण अंतहिया गांव में सुना गया। विकसित भारत संकल्प की शपथ प्रयागराज समाज उत्थान समिति कचरी के प्रबन्धक समाज सेवक डॉ कुल भूषण सिंह पटेल ने दिलाई एवम योग के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर? खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता,भाजपा यमुना पार के जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ,करछना विधानसभा संयोजक श्रीराम त्रिपाठी, बीडीओ करछना धीरेश गुप्ता , अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना डॉ केबी सिंह खांई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत शर्मा , भाजपा नेता संदीप तिवारी ,राजा तिवारी, एडीओ कोऑपरेटिव सोनल शुक्ला , एडीओ पंचायत राम शिरोमणि तिवारी , एडीओ आईएसबी उदयभान, प्रिंस गुप्ता, अमित मौर्या, निखिल तिवारी , मण्डल अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, मनोज पटेल, परमानंद पटेल,शिव कुमार, अमर जीत, राम जी गौड़, आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस के आयोजन के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों किया जायेगा आयोजन, डीएम ने गणतंत्र दिवस के आयोजन के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में गणतंत्र दिवस के आयोजन के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस को आकर्षक एवं गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किए जाने के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कार्यालयाध्यक्षों के द्वारा प्रातः 08:30 बजे झण्डारोहण, झण्डा अभिवादन, राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिलाधिकारी ने कम्पनीबाग स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल, ऐतिहासिक नीम का पेड़, चौक शहीद स्थल, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर स्थित शहीद रोशन सिंह के मूर्ति स्थल, कलेक्टेज्ट परिसर स्थित शहीद लालपद्यमधर मूर्ति स्थल व महापुरूषों की अन्य स्थलों पर स्थित मूर्तियों, मुख्यमार्गों पर साफ-सफाई का कार्य नगर निगम को व चौराहों पर लाइटिंग का कार्य प्रयागराज विकास प्राधिकरण को कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त व जिला पंचायतराज अधिकारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर वृहद साफ-सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी विद्यालयों में झण्डारोहण के पश्चात ह्यह्यमजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारीह्वह्व मतदाता जागरूकता सम्बंधी कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित कराये जाने के लिए कहा है । बैठक में प्रयाग व्यापार मण्डल, सिविल डिफेंस, जिला महिला व्यापार मण्डल, गुरू सिंह सभा के पदाधिकारियों से विगत वर्षों में उनके द्वारा कराये गये आयोजनों के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने इस बार उनके द्वारा कौन-कौन से आयोजन किए जायेंगे, की जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा चयनित अल्लापुर मलिन बस्ती की साफ-सफाई कराकर वहां पर स्वास्थ्य शिविर के आयोजन व विगत वर्षों की भांति आयोजित होने वाली क्रास कंट्री रेस के आयोजन के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने डीपीआरओ, डीडीओ, बीडीओ के निर्देशन में ग्राम पंचायतों में साक्षरता को बढ़ावा देने, अस्पृश्यता को दूर करने व धर्म-जाति, रंग के भेदभाव मिटाने आदि के कार्यक्रमों के आयोजन व सभी ग्राम सभाओं में साफ-सफाई अभियान चलाने हेतु कहा है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, अपर नगर आयुक्त, सिविलि डिफेंस से चीफ वार्डेन अनिल कुमार, प्रयाग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राना चावला, जिला महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष अवंतिका टण्डन, गुरू सिंह सभा के सचिव सुंदरप्रीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# चिटफंड कंपनी फरार, महिलाओं का बीच चौराहे ताण्डव

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजारोड के एक गेस्ट हाउस में फंडहुक कंपनी जो महिलाओं से रजिस्टेशन के नाम पे 3500 रुपये लेकर माला बनाने का कार्य देकर 500 रुपये हर महीने मानदेय देने का वादा करती है। कुछ महीने तो ठीक चला मगर जब हजारों के तादात में महिलाएं अपने रजिस्ट्रेशन करवा ली तो, कंपनी फरार हो गई। जिस कारण शनिवार को महिलाओं ने मेजारोड चौकी पर तहरीर थी, फिर दो दिन बाद सोमवार को मेजारोड पटेल चौराहे पर घण्टो चक्का जाम कर रखा था। सूचना पर पहुची मेजा पुलिस चौकी इंचार्ज मेजारोड ने महिलाओं को समझा बुझा जाम को खुलवाया, व महिलाओं के कहने पर कंपनी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर ली है।

## नगर निगम ने कटरा जोन क्षेत्र में की कार्यवाही




**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज के निदेशार्नुक्रम में गृहकर वसूली के सम्बन्ध मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा निरन्तर समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जोनल कार्यालय कटरा में जोनल कर अधीक्षकों द्वारा अभियान में सख्ती दिखाते हुए कई बडे. बकायेदारों/भवन स्वामियों के भवन पर कुकी की कार्यवाही की गयी, जोन 03 कटरा में 9 भवनों से वसूली रू0-10.25 लाख की गृहकर वसूली एवं वार्ड 32 से रू0-30.70 हजार की वसूली एवं जोनल कार्यालय नैनी एवं गऊघाट से कुल रू0-3.40 लाख की वसूली की गयी।

इसी के साथ ही वार्ड 37 (कर्नलगंज) मे हुई कुर्की कार्यवाही के दौरान 04 भवनों में से 01 का पूर्ण भुगतान व 03 भवन स्वामियो के द्वारा आशिक भुगतान किया गया व वार्ड 29 (सिविल लाइन्स द्वितीय) में भ०स० 15/24 स्टैनली रोड पर स्थित भवन से बकाया धनराशि रू० 700994/- के सापेक्ष रू0 350000/- की वसूलीयाबी सुनिश्चित की गयी। इसी प्रकार अन्य 03 और भवनों के भवन स्वामियो से पार्ट पेमेण्ट के रूप में धनराशि प्राप्त की गयी। इस प्रकार कुल धनराशि रू0-20.95 लाख की बकाया वसूली की गयी।कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी०के०द्विवेदी के नेतृत्व में कर अधीक्षक श्रीमती मोनिका व राजस्व निरीक्षक कमलेश पाण्डेय उपस्थित रहे एवं सिविल लाइन्स थाने से आरक्षक अश्वनी यादव व नरेन्द्र सिंह के साथ नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल हुए।

# रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 14 से 22 जनवरी तक

अखंड भारत संदेश



**रामोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर आध्यात्मिक स्थलों, मंदिरों में भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया जायेगा आयोजन**

**मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश**

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में रामोत्सव-2024 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि रामोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के अन्तर्गत 14 से 22 जनवरी, 2024 तक आध्यात्मिक स्थलों व मंदिरों में भजन/कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन/दीप दान के साथ-साथ रामकथा, अनवरत रामायण/रामचरित मानस का पाठ/सुन्दरकाण्ड आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही नगर निकायों में नगर संकीर्तनों के आयोजन के साथ ही स्थानीय भजन/कीर्तन मण्डलियों को सम्मिलित करते हुए नगरों में राम मंदिर रथ एवं कलश यात्राओं का आयोजन भी किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि जनपद में 8 तहसीलों में मंदिरों का चिन्हीकरण कर लिया गया है, जिसके अन्तर्गत सदर तहसील में 6, सोरांव में 3, मेजा में 2, बारा-3, फूलपुर-2, करछना-5 कोरांव-2 एवं हण्डिया में 2 मंदिरों को चिन्हित किया गया है। बैठक में उपस्थित संस्कृति विभाग के अधिकारी के द्वारा बताया गया कि राम मंदिर, वाल्मिकी मंदिर एवं हनुमान मंदिरों में कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने चिन्हित मंदिरों में साफ-सफाई, सजावट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पहले से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मंदिरों में आयोजित कार्यक्रम की फोटो/वीडिओ को पोर्टल पर अपलोड भी किया जायेगा। संस्कृति विभाग के द्वारा बताया गया कि 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश के सम्पूर्ण घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा, जिसके क्रम में जनपद में भी घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, बीडीओ सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अयोध्या से आया श्रीरामलला का पूजित अक्षत गुनई गहरपुर गांव में घर घर हुआ वितरित



**मेजा।** ग्राम पंचायत गुनई गहरपुर में अयोध्या से आये श्री राम लला का पूजित अक्षत के वितरण का कार्यक्रम गुरुवार से भाजपा संगठन के संजय तिवारी के घर से शुरू हुआ जो 5 दिनों तक निरन्तर चलते हुए सोमवार को अशोक द्विवेदी (प्रबन्धक महाराज श्री दण्डी स्वामी केश्ववाश्रम उ0 मा0 विद्यालय गुनई गहरपुर) के घर पूर्ण हुआ! वितरण टोली द्वारा घर घर जाकर कुल 536 घरो में अक्षत वितरित किया गया! और सभी को 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने के आग्रह के साथ दीपावली मनाने का संदेश दिया गया ! गांव की जनता अक्षत को शिरोधार्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रही है! वितरण टोली में प्रमुख रूप से संघ से खण्ड कार्यवाह विंध्यवासिनी जी ,अतुल जी ,हिन्छलाल जी एवम भाजपा से संजय तिवारी,देवकर पाण्डेय, पंकज राव ,प्रवीण पाण्डेय,आदर्श पाण्डेय, आशीष दुबे,सुरेश विश्वकर्मा,शंकर लाल शर्मा,बैजनाथ कन्नौजिया,राममणि सिंह, अनिल यादव एवम राम भक्त शामिल रहे!

### जूनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए नैनी के अनुभव का चयन



**नैनी।** नैनी 9 से 13 दिसंबर 2024 तक आयोजित 46 वी जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता करौली राजस्थान में प्रतिभा करने के लिए जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज नैनी के खिलाड़ी अनुभव सिंह का चयन उत्तर प्रदेश जूनियर बालक हैंडबॉल टीम में हुआ है अनुभव सिंह इससे पूर्व जूनियर व सबजूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभा कर चुके है उक्त विषय में सूचना उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दिया अनुभव सिंह के चयन पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उपक्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व प्रयागराज हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा बी एन दीक्षित योगराज मिश्रा गोविंद कुमार निषाद खिलाड़ी श्री सचिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राम बहादुर सिंह अनुपम सिंह सोनम सिंह सृष्टि अगरवाल तेजस्विनी सिंह नेहा पांडे अतुल सिंह मयंक दीक्षित ने हार्दिक बधाई दी।

### श्रीमती रतन श्रीवास्तव कायस्थ पाठशाला की उपाध्यक्ष बनी





**झूंसी।** कायस्थ पाठशाला (के०पी०ट्रस्ट) के अध्यक्ष डा०सुशील सिन्हा ने महिला सशक्तिरण और महिला उद्यमिता को ध्यान में रखते हुये प्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती रतन श्रीवास्तव को ट्रस्ट की उपाध्यक्ष(महिला) मनोनीत किया है। कमला प्रसाद सोसायटी ऑफ इण्डस्ट्रियस फैमिलीज की अध्यक्ष श्रीमती रतन श्रीवास्तव पूर्व में शहर उत्तरी विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुकी है। श्रीमती रतन श्रीवास्तव ने न्यासियो के प्रति आभार व्यक्त करते हुये भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पो को पूरा करने में अपना योगदान प्रदान करने का प्रण लिया। जय चित्रॉश कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री गोविन्द खरे , पूर्व कार्यकारिणी ट्रस्ट सहित अनेक संस्थाओ और गणमान्य ट्रस्टियो ने श्रीमती रतन के मनोनयन पर डा०सुशील सिन्हा को बधाई व शुभकामनायें दी है।

### अफरोज अहमद बने धनूपुर के अध्यक्ष जयप्रकाश मंत्री




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक धनूपुर के निर्वाचन में अफरोज अहमद अध्यक्ष, जयप्रकाश रजक मंत्री और रघुवीर कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। ब्लॉक इकाई धनूपुर का निर्वाचन अरविंद कुमार मिश्रा मांडलिक मंत्री निर्वाचन अधिकारी व अजय सिंह जिला कोषाध्यक्ष पर्वेक्षक के निगरानी में सम्पन्न हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अफरोज अहमद ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता धनूपुर ब्लॉक के सभी अध्यापकों के मुख्य कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करवाना साथ ही साथ ब्लॉक के सभी अध्यापकों के लिए हमेशा सर्वसुलभ रहना रहेगा।

# डॉ. ताराचंद छात्रावास में पहुंची फोर्स ने हटाया अवैध छात्रों का कब्जा





**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रावासों में वॉश आउट सोमवार से शुरू हो गया। शुरूआत डॉ. ताराचंद छात्रावास से की गई। सुबह नौ बजे बड़ी संख्या में फोर्स अवैध छात्रों का कब्जा हटाने के लिए हॉस्टल पर पहुंची तो अंतःवासियों में खलबली मच गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी कर छात्रावासों से अवैध कब्जा हटाने की जानकारी दे दी थी।इसकी सूचना विश्वविद्यालय के कैंपस और हॉस्टलों के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दिया गया था। विवि प्रशासन को सूचना मिली थी की बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हॉस्टलों में कब्जा जमाए हुए हैं जो विवि के छात्र नहीं हैं या उनका कोर्स पूरा हो चुका है। ताराचंद के साथ शताब्दी ब्वॉयज और केपीयूसी में भी अभियान चलाया गया।

**सभी छात्रावासों में चलेगा अभियान :**


इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह के अनुसार यह अभियान लगातार चार दिनों तक विश्वविद्यालय के 10 हॉस्टलों में चलाया जाएगा। नौ जनवरी को डायमंड जुबली हॉस्टल एवं एएन झा हॉस्टल, 10 जनवरी को जीएन झा हॉस्टल एवं पीसीसीबी हॉस्टल और 11 जनवरी को एसआरके हॉस्टल, सर सुंदर लाल हॉस्टल एवं हॉलैंड हॉल हॉस्टल में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। शनिवार को चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में हुई अधीक्षकों की बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई थी। सभी हॉस्टलों के अधीक्षकों से वैध अंतःवासियों की लिस्ट भी मांगी गई थी, ताकि अभियान के दौरान वैध अंतःवासियों के भी प्रवेश संबंधी आवश्यक दस्तावेजों एवं फोटो का भौतिक सत्यापन किया जा सके।दरअसल, कई हॉस्टलों से शिकायत आई है कि जिन छात्रों के नाम कमरे आवंटित हैं, उनमें कोई दूसरा व्यक्ति रहता है। ऐसे ही लोगों हॉस्टलों से जारी अराजक गतिविधियों में लिप्त हैं और हॉस्टल प्रशासन के पास इनका कोई रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है। अभियान के दौरान हॉस्टलों के जिन कमरों में अवैध कब्जा है, उन कमरों पर इविवि प्रशासन अपना ताला लगा देगा। इसके बाद खाली कराए गए कमरे छात्रों को नए सिरे से आवंटित किए जाएंगे

**हॉस्टल में बम फटने से मच गया था हड़कंप**

गौरतलब है कि पिछले दिनों हॉस्टलों में लगातार घटनाएं हुईं। दो हॉस्टलों के छात्रों के बीच जमकर मारपीट, पत्थरबाजी, बमबाजी और गोलीबारी की घटना हुई। इसके बाद एक हॉस्टल में बम बनाते वक्त पीजी के छात्र का हाथ उड़ गया। इविवि प्रशासन ने जब छानबीन शुरू की तो पता चला कि हॉस्टलों के कमरों में बड़ी संख्या में अवैध कब्जा है। इसी वजह से इविवि प्रशासन ने हॉस्टलों में अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया।

### सरकारी मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी दबंग कर रहे हैं अवैध कब्जा, दी तहरीर

**सोरांव।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पडरैया गांव में आराजी संख्या 572 बंजर व आराजी संख्या 573 नवीन परती जो की सरकारी दस्तावेज में दर्ज है। जिसको गांव के ही धीरेंद्र कुमार पुत्र बंशीलाल ने गुंडई व शोरे पुस्ती के दम पर अवैध निर्माण कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना एसडीएम सहित उच्च अधिकारियों को दी गई। जांच के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित हुई तो जांच में प्रकरण सही पाया गया। जिसको लेकर राजस्व लेखपाल में जून 2022 को अतिक्रमण कर रहे धीरेंद्र कुमार पुत्र बंशीलाल के विरुद्ध सोराव थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। जिसको लेकर धीरेंद्र कुमार को जेल भी जाना पड़ा था। कुछ दिन तो मामला शांत रहा लेकिन अब पुनः धीरेंद्र कुमार ने सरकारी आदेश व मुकदमे का उल्लघंन करते हुए निर्भीक होकर विवादित भूमि पर रात में चोरी चुपके निर्माण करता है। जिसको लेकर गांव के ही रामसेवक पुत्र बैजनाथ ने सोमवार को सोराव थाने पर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।



## हाईकोर्ट समाचार

### अब्बास अंसारी को हाईकोर्ट से थोड़ी राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के विरुद्ध जारी सम्मन आदेश अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। कोर्ट ने अदालत को नए सिरे से सम्मन जारी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत अपराध के लिए दाखिल चार्जशीट व केस कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश अब्बास अंसारी की धारा 482 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत दाखिल याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची पर विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान आचार संहित उल्लंघन के आरोप में मऊ के दक्षिण टोला थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।,मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ में विचाराधीन है। इस याचिका में पुलिस द्वारा दायर चार्जशीट और केस कार्यवाही रद्द करने की मांग की गई थी। आरोप है कि गाड़ियों की चुनाव प्रचार के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। फिर भी चुनाव के दौरान काफिला निकाला। 12 फरवरी 2022 को इस मामले में अब्बास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। याची के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि याची के खिलाफ सियासत के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कहा याची ने गाड़ियों का काफिला नहीं निकाला, वह केवल जनसंपर्क अभियान पर थे। जिन गाड़ियों को प्रचार में ले जाने की अनुमति दी गई थी उसी को ले जाया गया था।

**कोर्ट ने चार्जशीट और केस कार्रवाई रद्द करने से किया इन्कार**

कोर्ट ने कहा धारा 171 एच के तहत अपराध नहीं बनता। इसलिए धारा 188 के अंतर्गत जारी सम्मन आदेश अवैध है। धारा 171 एच का अपराध धारा 195 से बाधित है। जिसमें अधिकारी की शिकायत पर कंप्लेंट दाखिल की जा सकती है। पुलिस चार्जशीट पर मजिस्ट्रेट का संज्ञान लेना विधि सम्मत नहीं है। किंतु कोर्ट ने कहा यह नहीं कह सकते कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 133 का अपराध नहीं बनता है। इसलिए चार्जशीट व केस कार्यवाही रद्द नहीं की जा सकती। कोर्ट ने चार्जशीट व केस कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया है।

# शूटर लवलेश, सनी और अरुण के मामले की सुनवाई फिर टली



**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड के मुल्जिम शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्या के मामले में सुनवाई सोमवार को फिर टल गई। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश के ट्रेनिंग पर होने के कारण सुनवाई टाल दी गई। मामले में आरोप सृजित किया जाना है। अब इस मामले की सुनवाई 24 जनवरी को होगी। तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया जाना है। पिछली कई तारीखों से सुनवाई टल रही है। कभी अधिवक्ताओं के द्वारा मोहलत मांगने तो कभी किसी अन्य कारणों के चलते सुनवाई टालनी पड़ रही है।

**15 अप्रैल को कॉल्विन अस्पताल के गेट पर हुई थी हत्या :**

अतीक और अशरफ को पुलिस कस्टडी में 15 अप्रैल को कॉल्विन अस्पताल के गेट पर ही गोलियों से उड़ा दिया गया था। दोनों की हत्या पत्रकारों और कैमरे के सामने हुई थी। अतीक और अशरफ के पुलिस जीप से उतरने से लेकर हत्या के बाद सनी, लवलेश और अरुण को पुलिस की गाड़ी में बिठाने तक सारी वारदात कैमरे में कैद हुई थी।

**चित्रकूट की जेल में बंद हैं आरोपी :**

माफिया के हत्या के आरोपी शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य चित्रकूट की जिला कारागार में बंद हैं। उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए न्यायालय में पेश किया गया। पहले वह प्रतापगढ़ की जेल में बंद थे। कुछ दिनों पहले सुरक्षा कारणों से उन्हें चित्रकूट की जेल में शिफ्ट कर दिया गया। तीनों को अलग-अलग बैरक में रखा गया है। इन पर कड़ी निगरानी भी की जा रही है।

**सनी और लवलेश ने जिगाना तो अरुण ने किया था सामान्य पिस्टल से फायर :**

हत्या के लिए सनी, लवलेश और अरुण मीडियाकर्मी बनकर अस्पताल गेट पर खड़े हो गए थे। अतीक और अशरफ जैसे ही अस्पताल गेट में घुसे, सनी और लवलेश ने जिगाना से फायरिंग शुरू कर दी। अरुण ने सिर्फ दो फायर किए थे। तीसरी गोली पिस्टल में ही फंस गई थी।


# परियावां बाजार को बनाया जायेगा नगर पंचायतः सांसद

## बाबागंज विधानसभा की तीसरी नगर पंचायत बनेगी परियावां बाजार

### परियावां में हुआ मोदी की गारण्टी गाड़ी का भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** परियावां के लोगों का आशीर्वाद मुझे 2014 से बराबर मिल रहा है। अंतर सिर्फ इतना है कि उस समय आप ने अपना अपार समर्थन दिया। आज आप लोग आशीर्वाद के साथ मोदी की गारण्टी गाड़ी कार्यक्रम ग्राम चैपाल में इतनी बड़ी संख्या में आये है इससे यह निश्चित हो गया कि अब कुण्डा बाबागंज में राजनीतिक हवा बदल गई है। यह बातें सोमवार को पंचायत भवन परियावां में आयोजित मोदी की गारण्टी गाड़ी ग्राम चैपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कौशाम्बी सांसद,संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही।



लोगों से मुलाकात करते सांसद विनोद सोनकर।

सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि आप की दूसरी मांग परियावां में इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव है। मेरा प्रयास होगा कि परियावां में इंटरसिटी ट्रेन रुकना प्रारम्भ हो। तीसरी मांग गंगा घाट पर शव दाह ग्रह बनाने की है ।इसके लिए खण्ड विकास के अधिकारी यहाँ पर बैठे है। अगर आपके पास बजट हो तो आप कराये न हो तो मेरे पास प्रस्ताव दे। मैं अपनी निधि से धन दे रहा हूँ।एक सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारम्भ करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी गाड़ी का परियावां बाजार में जोरदार स्वागत हुआ। जिला महामंत्री पवन गौतम ने सरकार की योजनाओं को उपस्थित जन समूह के बीच बताई। इसके बाद शेख मोहम्मदपुर के गौरी में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, नगर पंचायत मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, किसान मोर्चा के जिला मंत्री धर्मेन्द्र मिश्र, मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्र, प्रधान राम खेलावन पटेल, प्रदीप गुप्ता, पंचायत मंत्री व्यास कुमार मौर्य, राजू सोनकर, नीरज जायसवाल, वीरेन्द्र यादव, बबलू सोनकर, वीरेन्द्र सरोज, शीतला प्रसाद पुष्पाकर, इन्द्र देव सोनकर, सुशील तिवारी, कदिरूल हसन, पुष्पा पटेल, इरफान अख्तर, धीरज जायसवाल, अनिल मौर्य, तारिक फारूकी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वर्षो से पड़े अधूरे सामुदायिक शौचालय क्या हो पाएंगे पूरे

## न.पं.व विकास खंड अधिकारियों की झलक रही नाकामी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिकारियों की नाक के नीचे स्वच्छ भारत मिशन मजाक बनकर रह गया है। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालय का कार्य अभी भी पूर्ण नही कराया जा सका है। अधूरे कार्य क्या हो पाएंगे पूरे या नहीं, यह अधिकारियों की कार्यशैली पर एक सवाल खड़ा करता है।

स्थानीय ब्लॉक परिसर में ही स्वच्छ भारत मिशन योजना धराशायी होती दिखाई दे रही है। जहां कई वर्ष पहले सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। लापरवाही इस कदर है कि समय बीतता गया और आज तक शौचालय के कार्य को अंतिम रूप नही दिया जा सका है। इसका मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले फरियादियों को

### खुद के परिसर में धड़ाम हुआ स्वच्छ भारत मिशन

सुविधा प्रदान करना था। ब्लॉक अधिकारी की लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। जब वह खुद के परिसर में हो रहे कार्य को वर्षो बाद पूर्ण नही करा सके तो ग्रामीण इलाको की क्या स्थिति होगी? यही दशा नगर पंचायत स्थित पूरे हरिकिशन का है जहां वर्षो से पड़े अपूर्ण सामुदायिक शौचालय का कार्य अभी तक विभाग पूर्ण नही करा सका है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते जहां एक तरफ स्वच्छ भारत मिशन अभियान पर पानी फिर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ लोगो को शौच क्रिया के लिए खुले मैदान का सहारा लेना पड़ रहा है।इस संबंध में न.पं. अधिकारी ने बताया की एनएच से एनओसी के लिए पत्राचार किया गया है अवशेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करा दिया जाएगा। वहीं बीडीओ ने पहले तो कहा की पूर्ण हो गया है, लेकिन बाद में कहा की देखते है।

# प्रो0 एच0 के0 सिंह बने बीएचयू वाणिज्य संकाय के डीन एव हेड

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर प्रतापगढ़ मे वाणिज्य संकाय के प्रो राम करन ने प्रो एच के सिंह के निर्देशन पर डी फिल की उपाधि प्राप्त किया। प्रो एच के सिंह डीन एव विभागाध्यक्ष बनने पर महा विद्यालय की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह राजभवन प्रबंधक डा घनश्याम यादव ने हार्दिक बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया। बता दें कि बनारस हिंदू विश्व विद्यालय के वाणिज्य संकाय मे प्रो एच के सिंह ने डीन एव अध्यक्ष पद का पुजन अर्चन के बाद भार ग्रहण किया। प्रो हरेंद्र कुमार सिंह इलाहाबाद विश्व विद्यालय के बी काम एव एम काम के स्वर्ण पदक विजेता रहे। विगत 38 वर्षो से शिक्षक ग्रहण कार्य करते रहे इसके पूर्व प्रो सिंह गोरखपुर विश्व विद्यालय गोरखपुर वाणिज्य संकाय के सहायक आचार्य इलाहाबाद विश्व विद्यालय एवं उत्तर प्रदेश राजर्ष टंडन मुक्त विश्व विद्यालय प्रयागराज के वाणिज्य एम प्रबंधन विभाग मे उपाचार्य के पद पर रहे। प्रो हरेंद्र कुमार सिंह इंडियन कामर्श ऐसोसिएयन के कोषाध्यक्ष व भारतीय वाणिज्य जनरल के प्रबंध सम्पादक रह चुके कि इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव, प्रो सूर्यभान सिंह,प्रो उग्रसेन सिंह, प्रो विनीता सिंह, प्रो रेखा सिंह, प्रो प्रदीप कुमार सिंह व प्रो राम करन सहित सभी शिक्षकों ने प्रो एच के सिंह घर अपनी शुभकामनाये व्यक्त किया।

### सराय महेश की पोस्ट मास्टर मनोरमा देवी का निधन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सराय महेश गांव की रहने वाली मनोरमा देवी पोस्टमास्टर के पद पर तैनात थी। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर परिजनों ने पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका इलाज कराया। इसके बाद वह ठीक हो गई। रविवार की रात 12 बजे अचानक मनोरमा की तबीयत खराब हुई परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे तभी मनोरमा देवी की सांस थम गई उनकी पति संत बहादुर सिंह की मौत काफी दिन पहले हो चुकी थी उनके निधन पर कई ग्रामीणों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया है।

### जिले के चार केन्द्रों पर 1521 परीक्षार्थियों ने दी डीएलएड की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डीएलएल की परीक्षा आज राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज तथा पीबीपीजी कालेज में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रथम पाली में राजकीय इंटर कालेज में 600 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 23 अनुपस्थित रहे और 577 ने परीक्षा दी। इसी तरह राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रथम पाली में 161 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 28 अनुपस्थित रहे। 133 लोगों ने परीक्षा दी। केपी हिन्दू इंटर कालेज में प्रथम पाली में 651 पंजीकृत परीक्षार्थियों ने 22 अनुपस्थित रहे तथा 629 लोगों ने परीक्षा दी। पीबीपीजी इंटर कालेज में 202 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 20 अनुपस्थित रहे तथा 182 लोगों ने परीक्षा दी।

# पुरानी पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों ने शुरू की भूख हड़ताल

## एक मंच पर आए राज्य कर्मचारी, शिक्षक संघ, सिंचाई, कलेक्ट्रेट, सफाई और रेल यूनियन

### स्टेशन परिसर में कर्मचारियों के क्रमिक अनशन का पहला दिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर राज्य और केंद्र कर्मचारियों ने अब सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सोमवार को मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन परिसर में विभिन्न संगठनों के नेता एकजुट हुए और एनपीएस के विरोध में क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उनका मानना है कि कर्मचारी सरकारों से दो दो हाथ करने को मजबूर हैं। उनकी मांगों को नहीं मानी जाता तो यह आंदोलन तेज होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।




पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर भूख हड़ताल करते कर्मचारी।

इस मौके पर रेलवे मेंस यूनियन, मजदूर यूनियन, सिचाई संघ, संयुक्त राज्य कर्मचारी महासंघ,माध्यमिक शिक्षक संघ, कलेक्ट्रेट, चकबंदी और सफाई कर्मचारी संघ ने भाग लिया। जिसमें रमाशंकर तिवारी, राजेश मोहन मिश्रा, विश्राम सिंह, राजेश सरोज, शाह आलम, विजय दुबे, सुशील शुक्ल, धर्मराज, अर्जुन कुमार, अरूण सरोज, रमेश चन्द्र, लाल मणि,राम समुझ, कृष्ण लाल शर्मा, सुशील यादव, अमर बहादुर, अजय आनन्द किशोर, संजय डोगरा, सलामत उल्ला, संतोष तिवारी, आर के श्रीवास्तव, मो. अनीस, धीरज सिंह, राजाराम, सुशील कुमार, विनय मिश्रा, उदयराज वर्मा, वी बी शुक्ल, शैलेन्द्र यादव, मो. रईश जय सिंह यादव, मोहित यादव, के पी पटेल, जयेश पाल, अनिल कुमार शुक्ल, मो. शफीक ने भाग लिया। वहीं दूसरी ओर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा ने एसएस कक्ष के सामने ओपीएस समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें सहायक मंडल मंत्री धर्मेंद्र कुमार दुबे, राजेश कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार शर्मा, रंजन कुमार, मो सलीम, एम बी सिंह, मो0 यासिर, दयाराम पटेल, अजय कुमार मौर्य रहमत उल्ला, संजीव शर्मा, राकेश कुमार, आर पी सिंह शाहरुख मौजूद थे।

# लवाना बाजार में लोगों को दिया गया पूजित अक्षत

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की गारंटी वैन पहुंची रानीमऊ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अयोध्या से पूजित अक्षत चावल को लवाना भवानीगंज बाजार मे ब्यापारियों को वितरण किया गया जो अपने घरो मे रखकर पूजन अर्चन करे और अयोध्या मे 22 जनवरी 24 की दोपहर भगवान राम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा आगमन को लेकर घर घर दीप प्रज्वलित कर पुण्य का लाभ उठाएं। जिसमें मुख्य रूप से संतोष केसरवानी, आशीष कसेरा, शम्भू केसरवानी, आलोक पांडे, महेंद्र पटेल, विनय सोनी, गोपाल सोनी, रितेश केसरवानी, रोहित कसेरा, मनोज केसरवानी, अतुल गुप्ता आदि लोगो ने बढ़ चढ़ कर अक्षत चावल को वितरण किया।



लवाना बाजार में लोगों को पूजित अक्षत देते लोग।

उधर विकास खंड कालाकांकर के रानीमऊ व मनार गांव में हमारा संकल्प, विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी योगी सरकार की गारंटी वैन रानीमऊ नारायण वाटिका पहुंची जंहा ग्राम प्रधान राकेश साहू ने अपने समर्थको के साथ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो का भव्य पंडाल सजाकर उसमे स्वागत किया इसके बाद गारंटी वैन प्राथमिक विद्यालय मनार पहुंची जहां ग्राम प्रधान ओ पी उपाध्याय ने अपने समर्थको के साथ सभी का स्वागत किया जिसमे कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के प्रतिनिधि संतोष सोनकर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की गारंटी वैन का मकसद गांव मे लाभांवित ग्रामीणो को सरकार की कल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, ए डी ओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला, ग्राम विकास अधिकारी प्रभांशु पांडे रानीमऊ व मनार ग्राम प्रधान रानीमऊ राकेश साहू, ग्राम प्रधान मनार ओ पी उपाध्याय, आशीष बाजपेई, कृषि विभाग, आदित्य शुक्ला, मीरा सीएचसी एएनएम अंकिता, विनीता जेएमएम, विवेक शिवहरे बैंक मैनेजर व भाजपा कार्यकर्ता संतोष तिवारी, आनंद तिवारी, जय प्रकाश शुक्ला, इरफान, मोहित मिश्रा, रवि जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते शिक्षकगण।

# एमडीपीजी कालेज में आयोजित परीक्षा में 11 रहे अनपुस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की बीएड एवं एलएलबी की परीक्षाएं एमडीपीजी कॉलेज में सुचारू रूप से चल रही हैं। एमडीपीजी में आज 717 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में एलएलबी थर्ड सेमेस्टर एवं द्वितीय पाली में बीएड थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं हुईं। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली में 328 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 321 ने परीक्षा दी और 7 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली में 400 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 396 ने परीक्षा दी और 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में प्रो अरविंद कुमार मिश्र, प्रो ए के श्रीवास्तव,प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो माया शंकर, डॉ सी एन पांडे, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ बलराज मिश्र परीक्षाओं की निगरानी करते रहे।

# श्री हनुमान मंदिर समिति चिलबिला की बैठक में सभी हनुमान भक्तों ने लिया निर्णय

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बनाया गया पदेन संरक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर समिति चिलबिला की एक बैठक श्री हनुमान जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन उपलक्ष में श्री हनुमान जी महाराज की कृपा से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा बनाई गई।



हनुमान मंदिर समिति चिलबिला की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

मंदिर समिति के महासचिव व्यवस्थापक रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी पदाधिकारीयो के समक्ष प्रस्ताव रखा की श्री हनुमान मंदिर समिति के संरक्षक मा0 जिलाधिकारी महोदय व मा0 पुलिस अधीक्षक महोदय को बनाया जाए। जिस पर सभी मंदिर के पदाधिकारी एवं हनुमान भक्तों ने अपनी अपनी सहमति जताई। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि वर्तमान में मा0 जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन जी एवं मा0 पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल सर को श्री हनुमान मंदिर समिति चिलबिला का संरक्षक बनाया जाता है। आगे भी इस पद पर पदेन मा0 जिलाधिकारी एवं मा0 पुलिस अधीक्षक महोदय संरक्षक रहेंगे। सभी भक्तों ने हनुमान जी महाराज के जयकारे लगाकर आगे की कार्यवाही के लिए 21-22 को भव्य आयोजन करने की जिम्मेदारी दी गई। 21-22 को होने वाले कार्यक्रम का प्रभारी सुरेश अग्रवाल को बनाया गया है। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल उमरवैश्य, कपिल देव, शंकर लाल, सुरेश अग्रवाल, बजरंगलाल, राकेश कुमार, श्याम बाबू, विजय कुमार, त्रिभुवन लाल, तुलसीराम, भोलानाथ, सूरज उमरवैश्य, लाल जी, ऋषभ उमरवैश्य, प्रमोद कुमार, आदर्श कुमार, भरत लाल, आशीष कुमार, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, सूरज कुमार उमरवैश्य (आरा मशीन), छोटेलाल सोनी, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, सोनू महाराज, शनि महाराज, राजकुमार, प्रमोद कुमार, अमन गुप्ता, कुंदन, अमित कुमार, हरिकृष्ण मोहन आदि सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

# युवक के शव की हुई पहचान, परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली लालगंज के कैथौला गांव के पास सई नदी में मिले युवक के शव की पहचान होने से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा शव का पीएम कराये जाने के बाद अब युवक की मौत को लेकर जांच तेज कर दी गयी है। मृतक युवक के उदयपुर थाना क्षेत्र के निवासी होने के कारण घटना की जांच में सोमवार को लालगंज एवं उदयपुर दोनों थानों की पुलिस को जुटा देखा गया। हालांकि मृतक युवक के शव की पीएम रिपोर्ट उसके डूब कर मौत होने से पुष्टि कर रही है।

लालगंज थाना क्षेत्र के कैथौला गांव के पास कोल का वन में शनिवार की देर शाम गांव

### लालगंज एवं उदयपुर पुलिस घटना की खंगाल रही वजह

के लोग शौच क्रिया को गये थे। इस बीच लोगों ने सई नदी में एक युवक का शव उतराया देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया। इस बीच युवक के शव उतराये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो देख उदयपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद मिश्रन का पुरवा निवासी सुनील कुमार मिश्र के परिजन रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी के सम्पर्क में आये। पुलिस ने मृतक के परिजनों को बताया कि शव पहचान के लिए पीएम हाउस में रखी गयी है। जानकारी पाकर मृतक के परिजन पीएम हाउस पहुंचे और शव देखते ही दहाड़ मारकर विलाप करने लगे। मृतक की पहचान गांव के दशरथ मिश्रा के पुत्र सुनील कुमार मिश्र उर्फ रामलला 28 की हुई तो घर में भी कोहराम मच गया। मृतक सुनील टैज्क्टर चलाया करता था। बीती तीन जनवरी को वह घर में परिजनों से टैज्क्टर चलाने की बात कहकर निकला। तब से वह घर वापस नहीं पहुंचा। तीन दिनों तक परिजन सुनील के रोजी रोटी के सिलसिले में कहीं होने को लेकर बेफिक्र थे। इस बीच रविवार की रात में वायरल वीडियो की फोटो देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाईयों में बड़ा था। उसकी एक बहन की शादी हो गयी है। पिता दशरथ कानपुर में रोजीरोटी के सिलसिले में रहता है। मृतक की मां मूक है। परिजनों के मुताबिक मृतक के चेहरे पर चोट के काफी निशान दिखलायी पड़े हैं। परिवार के सदस्यों का कहना है कि सुनील की हत्या कर दी गयी है। इस बाबत एसओ उदयपुर निकेत भारद्वाज का कहना है कि पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर सभी बिंदुओं की पड़ताल में जुटी है। एसओ उदयपुर के मुताबिक सुनील की मौत को लेकर अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। इधर लालगंज क्षेत्र में मृतक का शव मिलने के कारण स्थानीय कोतवाली पुलिस भी घटना के सभी पहलुओं पर नजर गड़ाये देखी गयी। लालगंज प्रभारी विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में मृतक की मौत का कारण डूबने से हुई है। पुलिस घटना के सभी तथ्यों पर जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

# आरएसएस ने गृह संपर्क अभियान चलाकर बांटे पूजित अक्षत

### चित्र व पत्रकर देकर उत्सव मनाने का किया आग्रह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के सह प्रांत प्रचारक मुनीश ने कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनने का उत्साह पूरे समाज में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

इसी क्रम में सह प्रांत प्रचारक मुनीश ने प्रतापगढ़ नगर के सर्वेश्वरीपुरम, सिविल लाइन आदि क्षेत्रों में विभाग प्रचारक प्रवेश, जिला संघ चालक चिंतामणि दुबे, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय, प्रतापगढ़ जिले के अभियान के सह संयोजक डॉ रंगनाथ शुक्ल के साथ घर-घर पूजित अक्षत, चित्र और पत्रक देकर सभी से 22 जनवरी को अपने स्थानीय मंदिर पर पूजन, हवन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, श्री राम नाम जप के साथ ही उत्सव मनाने का आग्रह किया। अपने-अपने घर को सजाने के साथ ही इस दिन को त्यौहार के रूप में मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ पीयूषकांत शर्मा, शिशिर खरे, नगर संघ चालक राजनारायण सिंह, सह नगर संघचालक विजय सिंह, डॉ चेतप्रकाश पांडेय, नगर प्रचारक आलोक, विनोद पांडेय, डॉ आर पी सिंह, अभय सिंह बबलू, सूर्यकांत निराला, ऋचा सिंह, रेनू पांडेय, डॉ दीप्ति पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री चंदन, सभासद सुनील दुबे, तुषार दत्त मिश्र, विनोद रजक, धर्मेंद्र सिंह, सुभाष ओझा, अशोक शर्मा, दिनेश अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

### घर-घर पहुंच रहा है श्रीराम लला का पूजित अक्षत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान निरन्तर जारी है. पूजित अक्षत पाकर लोगों में प्रसन्नता है. विभाग प्रचारक जिला सेवा प्रमुख शिव प्रसाद सरोज ने बताया कि जनपद के शहर व ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत वितरण अभियान कार्यक्रम के तहत घर-घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने का आग्रह किया जा रहा है। संदीप ओझा मिश्र ने बताया कि जय श्रीराम का जयघोष कर कार्यकर्ता अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के माध्यम से भक्तों को अवगत करा रहे हैं. पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। इस दौरान ढाढर, अमापुर बाजार, पिपरी मुतकरपुर, सिंह पुर के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अक्षत का वितरण किया गया कार्यक्रम में सुरेश ओझा, कैप्टन छोटे लाल सिंह, सत्यम, अशोक तिवारी, रामाश्रय तिवारी, संतोष सिंह, गुड्डू सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# अधिवक्ता और उनके भाई पर कुल्हाड़ी से हमला के बाद आक्रोशित अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## तहसील मंझनपुर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करके व्यक्त किया अपना आक्रोश, एसडीएम मंझनपुर को सौपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिला के एक अधिवक्ता नीरज मिश्र व उनके भाई मुकेश मिश्र को उनके गांव के ही दबंगों ने मामूली विवाद में सिर पर कुल्हाड़ी मारकर गम्भीर चोटे पहुंचाई है लेकिन सराय अकिल थाना प्रभारी द्वारा पक्षपात किया जा रहा था हमला वरो की तहरीर पर पुलिस ने घायल अधिवक्ता पर मुकदमा दर्ज कर लिया है जिससे अधिवक्ता आक्रोशित हो गए हैं जिसके समर्थन में अधिवक्ताओं ने सोमवार को मंझनपुर तहसील में जमकर नारेबाजी करके एसडीएम मंझनपुर को ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के मुताबिक सरायकिल थाने के पड़रिया शुकवारा गांव के अधिवक्ता नीरज मिश्र पेशे से एक अधिवक्ता हैं जो जिला कचहरी में प्रैक्टिस कर रहे थे उनके गांव के ही दबंगों ने रविवार को मामूली विवाद में अधिवक्ता नीरज मिश्र और उनके भाई मुकेश मिश्र एवं उनके परिवार वालों के ऊपर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिसमें अधिवक्ता के भाई को सिर पर गम्भीर चोटें आई हैं परिवार वाले उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि जब अधिवक्ता और उसके परिवार वाले शिकायत पत्र लेकर सरायकिल थाना प्रभारी के पास पहुंचे तो उनके द्वारा उनकी प्राथमिकी न दर्ज करके उन्हें थाने से भगा दिया एवं थाना प्रभारी ने उनके विपक्षियों से सांठ गांठ करके अधिवक्ता एवं उनके भाई व परिवार वालों के ऊपर झूठी तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दिया।इसकी जानकारी जैसे ही अधिवक्ताओं को हुई तो सभी अधिवक्ता महामंत्री अविनाश तिवारी की अगुवाई में मिलकर तहसील मंझनपुर में धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी करके अपना आक्रोश व्यक्त किया और एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह को ज्ञापन देकर तत्काल कड़ी से कड़ी विधिक कार्यवाही करने की मांग की है। सोमवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत भी रहे। मामले को लेकर के सराय अकिल पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील श्रीवास्तव , अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार मिश्र , अधिवक्ता संजय कुमार मिश्र , अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्र , अधिवक्ता हरिमोहन मिश्र , अधिवक्ता रामबाबू मिश्र , अधिवक्ता रविशंकर दुबे , अधिवक्ता शेषनारायण दुबे , अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद सिंह , अधिवक्ता संजय चतुवेर्दी , अधिवक्ता ईश प्रकाश , अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र , अधिवक्ता राजेश शुक्ला , अधिवक्ता धर्मेन्द्र शुक्ला , अधिवक्ता मानसिंह यादव , अधिवक्ता बलराम त्रिपाठी , अधिवक्ता सियाराम सिंह , अधिवक्ता परवेज आलम , अधिवक्ता अभिषेक खरे , अधिवक्ता दीपक खरे , अधिवक्ता आलोप पाण्डेय आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**अझुवा कौशाम्बी** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 9 जनवरी 2024 को पूर्वाहन 10:50 बजे मां शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा, कौशांबी पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री पूर्वान्ह 10:50 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक पार्टी पदाधिकारियों/ जनप्रतिनिधियों/ कार्यकताओं से संवाद करने के पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे उप मुख्यमंत्री मंत्री अपरान्ह 12:40 बजे विकास खण्ड कड़ा की ग्राम पंचायत-अटसरई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। माननीय उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 01:50 बजे से सयांरा,कौशांबी से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सार्वजनिक कुंआ जगत में निर्माण व रास्ता अवरुद्ध करने को लेकर प्रशासन ने की कार्रवाई



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा कनवार के मजरे मकरीबाग में सार्वजनिक कुंआ और जगत में मजरे के कुछ लोग लिंटर और दीवार खड़ी कर निर्माण में जुटे थे जिससे इस निर्माण कार्य से विधवा महिला धनपतिया पत्नी स्व.जमुना प्रसाद का दरवाजा और निकास बंद हो रहा था जिसकी शिकायत भुक्तभोगिनी ने उप जिला अधिकारी को कर न्याय की गुहार लगाई कि उसका निकलने और कुंआ से पानी पीने के लिए शोरेपुस्त और दबंग लोग कुंआ में लिंटर जगत ,खड़ंजा में दीवार खड़ी कर दी है। एसडीएम सिराथू ने कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया हरकत में आए पुलिस प्रशासन और चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ,चौकी इंचार्ज सिराथू चंदन सिंह मय हमराही मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया और आधा दर्जन आरोपियों को कस्टडी में लेकर जांच को जुट गई है ।मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मेवालाल पहुंचे हैं उन्होंने कहा कुंआ में लिंटर डालकर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं होगा तहसील प्रशासन नाप जोख कर विवादित मामले को समाप्त कराए ।किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा है।

## दबंगों ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के नोहरी का पूरा मजरा शेखपुर रसूलपुर गांव की पुष्पा देवी पत्नी लवकुश सिंह पटेल का पैतृक कच्चा मकान बारिश के कारण जर्जर हो कर गिर गया था। अपने गिरे हुए पैतृक मकान में विवाहिता ने पुनः निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया। पड़ोस के ही मान सिंह व अमर सिंह ने हो रहे निर्माण कार्य को जबरन रूकवा दिया। विवाहिता ने कहा कि अपने गिरे हुए पैतृक मकान में निर्माण कार्य करवा रहें हैं। इतनी में विपक्षी गाली गलौज करने लगे विवाहिता ने गाली का विरोध किया तो विपक्षी विवाहिता को लात-घूसा डण्डा से मारे पीटे जिससे विवाहिता के शरीर में चोटें आई है। विवाहिता ने चरवा थाना पहुंच कर चार नामजद्द लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। शिकायती प्रार्थना पत्र पाते ही चरवा पुलिस जांच में जुट गई है।

## वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाद सं0 23/17 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त अवधेश पुत्र बूंदी निवासी इटैलीपर शाखा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : पीएम मोदी की आज लाभार्थियों से हुई बातचीत : धर्मराज मौर्य



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प यात्र मोदी गारंटी के तहत दिनांक 08 जनवरी 2024,सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले में लाभार्थियों से ऑन लाइन वार्ता हुई। विकास खण्ड कड़ा ग्राम पंचायत -केन और मंडल अजूवा ग्राम पंचायत अलीपुर जीता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष धर्म राज मौर्य की अगुवाई में मोदी गारंटी वैन के माध्यम से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से जुड़ें। इस मौके पर उन्होंने वहां के तमाम लोगों को संबोधित भी किया प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण से मार्गदर्शन प्राप्त कर उपस्थिति सम्मानित क्षेत्र वासियों को मंच के माध्यम से सभी लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया और गर्भवती बहनों को पोषण पोटली व बच्चों का अन्नप्रासन किया कार्यक्रमों में प्रस्थान पूर्व धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन के प्रधानाचार्य राम किरण त्रिपाठी द्वारा व विद्यालय परिवार ने जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य का किया गया स्वागत कार्यक्रम कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने विद्यालय परिवार को किए गए स्वागत के लिए हृदय से आभार व धन्यवाद किया और कहा कि विद्यालय परिवार निरंतर प्रगति व नए कीर्तिमान स्थापित करे साथ ही जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा और आनलाईन शिक्षा सुविधा हेतु स्व.तिलकराज सिंह महाविद्यालय में आयोजित निःशुल्क टेबलेट वितरण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित कर टेबलेट प्रदान किया। जिसमें मंडल अध्यक्ष अझुआ रामराज मौर्य पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा प्रबंधक उमेश सिंह अतुल त्रिपाठी अध्यापक बंधु शीलू पाण्डे प्रशांत केसरवानी सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे

# तौहीद अंसारी वरिष्ठ अध्यक्ष और संजय केसरवानी युवा व्यापार मण्डल चुने गए

## सैयद सरावां व्यापार मण्डल का चुनाव सकुशल हुआ संपन्न



**मनौरी कौशाम्बी।** जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी व युवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष अरविन्द केसरवानी के कुशल निर्देशन में और चायल तहसील प्रभारी सुधीर केसरवानी, प्रांतीय मंत्री नरोत्तम दास केसरवानी,राधेश्याम वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,मोहन लाल केसरवानी पूर्व कोषाध्यक्ष मनौरी के अगुवाई में और सैयद सरावां व्यापार मण्डल प्रभारी आर राजकुमार केसरवानी के अथक प्रयास से सोमवार को सैयद सरावां में व्यापार मण्डल का गठन हुआ जिसमे तौहीद अंसारी अध्यक्ष, रमेश केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील साहू उपाध्यक्ष, राजेश मोदनवाल महामंत्री, विवेक केसरवानी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए और युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पद पर संजय केसरवानी, मुकेश कुशवाहा महामंत्री, आशीष केसरवानी उपाध्यक्ष, सतीश केसरवानी कोषाध्यक्ष तथा चंदन सोनी संगठन मंत्री घोषित किए गए चुनाव कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे सभी ने चुने गए पदाधिकारियों को माला पहनाकर कर स्वागत किया कार्यक्रम में मौजूद सभी व्यापारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ पूरे नगर में भ्रमण किया और व्यापार मण्डल जिंदाबाद के नारे लगाए।

## नगर पालिका मंझनपुर ईओ अनूप राय को मिला नगर पालिका भरवारी का अतिरिक्त चार्ज

**कौशाम्बी** जिले के नगर पालिका मंझनपुर में तैनात ईओ अनूप राय को नगर पालिका भरवारी का अतिरिक्त चार्ज मिला है,भरवारी ईओ सुनील मिश्रा के सस्पेंड होने के बाद विकास कार्य प्रभावित हो रहा था जिसके बाद शासन ने मंझनपुर ईओ अनूप रॉय को भरवारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। नगर पालिका भरवारी ईओ सुनील कुमार के पिछले दिनों सस्पेंड होने से भरवारी नगर पालिका के ईओ का पद रिक्त चल रहा था और वेतन सहित तमाम विकास कार्य प्रभावित चल रहे थे।जिसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर समस्या बताई थी,डिप्टी सीएम के निर्देश पर सचिव नगर विकास ने मंझनपुर ईओ अनूप राय को नगर पालिका भरवारी के ईओ के अतिरिक्त चार्ज का आदेश जारी कर दिया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गाड़ी का ग्राम पंचायत रैया देह माफी में स्वागत

**कौशाम्बी** केन्द्र सरकार के आवाहन पर ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकास खण्ड चायल के ग्राम पंचायत रैया देह माफी में यात्रा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया सोमवार को ग्राम पंचायत रैया देह माफी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रातिनिधि जितेन्द्र कुमार सोनकर व सांसद प्रतिनिधि सुभम सोनकर का ग्राम प्रधान मिठाई लाल ने माला पहनाकर कर स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरूवात की जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सोनकर द्वारा केन्द्र सरकार की जनहित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए एवम लाभार्थियों को मोदी सरकार की गारंटी योजनाओं के विषय में संपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल जीवन मिशन, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री जन धन वा आरोग्य योजना, विधवा, वृद्धा, विकलांग व पीएम किसान पेंशन योजना, पीएम पोषण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि तरह तरह की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी कार्यक्रम में अलग अलग विभागों के आला अधिकारियों कर्मचारियों के स्टॉल लगाए गए जिसके माध्यम से ग्रामीणों किसानों मजदूरों महिलाओ की योजनाओं सम्बंधित समस्याओं को नोट किया गया। समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, वन विभाग, सहकारिता विभाग, बैंक व डाक विभाग, के साथ खण्ड विकास अधिकारी चायल दिनेश चन्द्र द्वारा मौजूद ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बंधित जानकारी दी कार्यक्रम के दौरान चक्रेश मिश्र गुलाब पटेल सिंह मैदान सिंह पटेल मोहम्मद अकीब राजू जगत बहादुर अफरोज अहमद राकेश कुमार कुबेर केसवानी आदि मौजूद रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मिठाई लाल के द्वारा की गई

# 10 रुपए के स्टांप के दम पर महिला को कर दिया बेघर



**कमजोर मजलूम पीड़ित को आर्थिक लाभ देने का झांसा देकर उसकी जबान बंद करने का जिले में शुरू है अधिकारियों द्वारा प्रयास**

**एसडीएम के नाम पर दो लाख लेकर महिला को दूसरी जमीन पर घर बनवाने का नायब तहसीलदार बना रहे है दबाव**

**कौशाम्बी** लोग कहते है कि कानून भी बिकता है और गुंडे अपराधी दबंग पाले जाते हैं गरीब मजलूमों का शोषण भी होता है न्याय की लोग भीख मांगते हैं लेकिन न्याय नहीं मिल पाता है अधिकारियों की सरपरस्ती सर चढ़कर बोलता है आखिर कानून कहां गिरवी हो गया है जिस तरह से गरीब कमजोर मजलूम लोगों पर अत्याचार हो रहा है कानून न्याय का योगी सरकार में पता ही नहीं चल रहा है गरीब अपनी संपत्ति बचाने को विवश दिखाई पड़ रहे हैं खुलेआम गरीबों की जमीन छीनी जा रही है बिना किसी अभिलेख के गुंडे जमीन छीनकर काबिज हो रहे हैं जिनके पास जमीन के अभिलेख नहीं है उन्हें सरकारी मशीनरी द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है और जिनके पास अभिलेख है वह योगी राज में न्याय पाने के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं माननीय बड़ी-बड़ी बातें मंच और माइक के माध्यम से कर रहे हैं लेकिन हकीकत में योगी सरकार में कौशाम्बी में कानून पूरी तरह से नेताओ के चलते गिरवी हो गया है गरीब कमजोर न्याय के लिए तरसता दिखाई पड़ रहा है गुंडे और माफिया जुल्म ज्यादती अत्याचार कर अधिकारियों और नेताओं के आगे पीछे जी हुजूरी करते देखे जाते हैं जिससे आम जनता लाचार और विवश दिखाई पड़ रही है ताजा मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के मालक पिंजरी ग्राम सभा के मजरा चकिया की दुखिया देवी का देखने को मिला है दुखिया देवी की दुख भरी कहानी सुनकर लोगों के चेहरे में दुख प्रकट होने लगेंगे लेकिन कानून के रखवाले इन अधिकारियों को दुखिया देवी के दुख से कोई मतलब नहीं रह गया है। दुखिया देवी का पति उदयभान 6 वर्ष पूर्व पड़ोस की एक महिला को लेकर दिल्ली जाकर रहने लगा है तब से दुखिया देवी गांव में अपने घर में बच्चों के साथ रह रही है पहली मुसीबत तो उसके सामने बच्चों के पेट पालने का था लेकिन किसी तरह उसने अपने परिवार की रोजी-रोटी संभाल ली जिस घर में वह पति के साथ रह रही थी इसी घर को गांव के दबंग मोहन सिंह पुत्र झल्लर व उनके लड़कों ने साजिश रच कर कब्जा करने की सोच ली कॉलोनी दिलाने के नाम पर दुखिया देवी से 10 रुपए की स्टांप पर अंगूठा लगवा लिया और बाद में जबरिया पुलिसिया बल पर मकान को खाली कर लिया दुखिया देवी बेघर हो गई महिला रोती चिल्लाती रही गिड़गिड़ाती रही पांव पकड़ कर भीख मांगती रही लेकिन गुंडे से लेकर पुलिस तक का दिल नहीं पसीजा मकान खाली करने वालों के पास जमीन के पंजीकृत बैनामा नहीं है फिर भी पुलिस दबंग को जमीन का मालिक मानकर उसका साथ दे रही है आखिर बिना पंजीकृत बैनामा के दबंग कैसे दुखिया देवी की जमीन के मालिक हो गए इस बात को तहसील के अधिकारियों को और पुलिस को कौन बताएगा कि बिना पंजीकृत बैनामा के दूसरे की संपत्ति के मालिक नहीं बना जा सकता लेकिन पुलिस और राजस्व इस बात को नहीं मान रही है इसी बीच जब मामला अधिकारियों के चौखट पर पहुंचा तो नायब तहसीलदार काफी दिनों तक तमाम ड्रामे बाजी करने के बाद दुखिया देवी को दूसरी जमीन पर घर बनवाने का दबाव देने लगे हैं लेकिन उसका मूल घर उसके कब्जे में देकर कानून का पालन करने के लिए नायब तहसीलदार और उप जिलाधिकारी तैयार नहीं है यह कैसा न्याय है अत्याचार अपराध करने वालों को शरण दिया जाए उनके अपराध पर दंड न दिया जाए कमजोर मजलूम पीड़ित को आर्थिक लाभ देने का झांसा देकर उसकी जबान बंद करने का प्रयास किया जाए आखिर बिना पंजीकृत बैनामा के यदि दुखिया देवी का मकान जबरिया खाली करा लिया गया है तो गुंडो के खिलाफ मुकदमा लिखा जाए उनको जेल भेजा जाए और दुखिया देवी के घर पर उसे पुनः वापस काबिज कराया जाए लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है इसी बीच नायब तहसीलदार पर 2 लाख वसूलने का भी आरोप लगा है लेकिन इसके बाद भी आला अधिकारी इस मामले को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं आखिर कैसे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त कानून का पालन कौशांबी में होगा दुखिया देवी के दुख को लेकर अभी तक किसी भी नेता ने उसकी मदद करने के लिए हाथ नहीं बढ़ाया है जिससे नेताओं के आम जनता के प्रति आस्था और लगाव का अंदाजा लगाया जा सकता है

## न्यूज झरोखा

### 550 ग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**अझुवा कौशांबी** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ने 550 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त बच्चू लाल उर्फ गोरेलाल पुत्र बांकेलाल निवासी बीच का पुरवा नगर पंचायत अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है युवक लोंहदा पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा था गस्त के दौरान पुलिस के पूछने पर भागने लगा जिसे पुलिस कर्मियों ने दौड़ा कर पकड़ लिया जमा तलाशी में अभियुक्त के पास 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक



**कौशांबी।** सेन सविता शर्मा समाज युवा गण की आगामी 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक मंझनपुर में संपन्न हुई। तैयारियों की समीक्षा करते हुए युवा समाज ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जयंती की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और रत्नावली सभागार जिला पंचायत मंझनपुर में कार्यक्रम होगा कार्यक्रम में अन्य जनपदों से आने की संभावनाएं है। इस अवसर पर कन्हैया शर्मा डॉ. बीरेंद्र सेन, रवि भैया, कमलेश सेन, अमन सेन, रविकरन, मोहित, धीरेन्द्र, दिलेंद्र शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### भीषण के ठंड में कोखराज ग्राम पंचायत में जलाए गए अलाव




**कोखराज कौशाम्बी** भीषण ठंड को देखते हुए ग्राम पंचायत में भी अलाव जलना शुरू हो गया है जिससे आम जनता ने राहत महसूस की है सिराथू क्षेत्र के कोखराज ग्राम प्रधान रमेश मौर्य व प्रधान प्रतिनिधि नसीम के द्वारा ग्राम सभा के सभी पुरवा मजरा महमद पुर,अली गंज,टिकरा,लाड़ पुर,गरीब का पुरवा अलीगंज,सैदली पुर,असगर गंज,इंतियाज का पुरवा,कोयनाम,कोखराज,लाड़ पुर,फकीर बक्श का पुरवा, के सभी चौराहों पर अलाव जलवाया गया जिससे सभी ग्रामवासी ग्राम प्रधान की इस पहल की सराहना करते रहे और कहा कि इस कड़ाके की ठंडी में यहअलाव एक अमृत के समान हैं यदि क्षेत्र के अन्य सभी ग्राम पंचायत में भी यदि इसी तरह अलाव की एक-एक चौराहे पर एक-एक मजरा पर व्यवस्था कर दी जाए तो कड़कड़ाती ठंड में गरीब कमजोर मजलूम लोगों को राहत मिल सकती है

### मदर इंडिया इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को किया गया जागरूक



**महेवाघाट कौशाम्बी** करारी कस्बा स्थित नेता नगर के मदर इंडिया इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया '। जिसमें एनजीओ की प्रमुख आकांक्षा ने कार्यक्रम की शुरूआत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशा न करने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा बहुत बुरी चीज है। किशोर अवस्था से ही अगर बच्चे नशे का शिकार होते है तो उनका स्वास्थ्य खराब हो जाता है। इसलिए नशा से बच्चे दूरी बनाए रखे। कॉलेज प्रबंधक सरफराज हुसैन ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा करने वाली चीज जैसे तंबाकू, गुटखा, सिगरेट शराव आदि नशा करने वाली चीज से दूर रहे। नशा शरीर और स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। बच्चे अपने घर जाकर भी अभिभावक और आसपास के लोगों को नशा न करने के बारे में जागरूक करें। साथ ही नशा करने से कितने नुकसान है उसको भी बताए जिससे लोग नशा ना करें। और लोग अपने जीवन को सुखद और स्वास्थ्य बनाएं। प्रधानाचार्य आजादर हुसैन ने भी बच्चों को नशा न करने के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर धारा सिंह, देवलाल, इश्तियाक अहमद वेद प्रकाश कीर्ति शर्मा, मोहसिना बानो, शबाना रिजवी आदि लोग मौजूद रहे।

### सिराथू से मुंबई जाना हुआ आसान प्रत्येक शुक्रवार सिराथू से मिलेगी लोकमान्य तिलक ट्रेन



**अझुवा कौशांबी** सिराथू क्षेत्र के मुंबई सफर करने वालों का बहुप्रतीक्षित सपना अब पूरा हो गया आज सोमवार को पहली बार लोकमान्य तिलक ट्रेन का सिराथू स्टेशन पर ठहराव पर भाजपा पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं ने चीफ लोको पायलट बी एन झा का फूल मालाओं से स्वागत कर मुंह मीठा कराकर जोरदार स्वागत किया है रेलवे सलाहकर सदस्यों बबलू श्री वास्तव,विपिन यादव,बबलू सोनी,विकास पांडेय, उमेश चौधरी,अशोक केसरवानी ,सागर मिश्रा सहित तमाम लोगों ने स्वागत किया रेलवे सलाहकार सदस्यों ने बताया कि सप्ताह में शुक्रवार 5.19 पर उक्त ट्रेन का सिराथू आगमन होगा एवम रविवार 1.20 पर सिराथू पुनः वापसी होगी मुंबई जाने वाले क्षेत्र के यात्रियों को अब सिराथू रेलवे स्टेशन से यात्रा आसानी से होगी

### हर-घर नल से जल योजना जन-जागरूकता एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर डीएम ने किया रवाना



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से जल-जीवन मिशन हर-घर नल से जल योजनान्तर्गत जन-जागरूकता के लिए एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, जल निगम श्री जयपाल सिंह एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री विमल कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें अधिशासी अभियंता, जल निगम श्री जयपाल सिंह ने बताया कि एलईडी वैन जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें ह्वविकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमह्व में जाकर आमजन को जल-जीवन मिशन हर-घर नल से जल योजना के सम्बन्ध मे आमजन को जागरूक करेंगी।

### 6 दिन बाद खुला रेलवे फाटक भरवारी

**कौशाम्बी** जिले के व्यस्ततम रेलवे क्रासिंग भरवारी के रेलवे फाटक पर रेल लाइन और स्लीपर मेंटेनेंस का कार्य रेलवे कर रहा था,जिसके लिए रेलवे ने 03 जनवरी की सुबह 7.30 बजे से 07 जनवरी की रात में 10 बजे तक के लिए रेलवे फाटक को बंद कर दिया था रविवार 07 जनवरी तक रेलवे का कार्य पूरा नहीं हो सका था जिसके लिए रेलवे ने एक दिन के लिए और रेलवे फाटक को बंद कर रखा था,सोमवार को दोपहर तक रेलवे ने अपना मेंटेनेंस का कार्य पूरा कर लिया जिसके बाद सोमवार की दोपहर में ही भरवारी का रेलवे फाटक पुनः खोल दिया गया है ।रेलवे फाटक के खुल जाने से यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों ने तहत की सांस ली है।

## संपादक की कलम से

# स्त्रियों के आर्थिक विकास से जुड़ा राष्ट्र का विकास तंत्र

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है भारत में महिलाओं की मुक्ति का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है। स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है। आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है। आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है। विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है। यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा था। इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं। भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है। इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50% भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

## पाकिस्तान में चुनाव से पहले आतंकवादी हमलों में वृद्धि की आशंका

**– गिरीश लिंगन्ना**

पाकिस्तान, परमाणु हथियार रखने वाला और 240 मिलियन से अधिक की आबादी वाला एक इस्लामी गणतंत्र, 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के हिस्से के रूप में अपने वैश्विक बाजार विस्तार प्रयासों - भूमि और समुद्री दोनों- में चीन के साथ सहयोग करता है। हालिया अस्थिरता को आंशिक रूप से पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में चीनी निवेश की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है, जहां राष्ट्रवादी विद्रोही पाकिस्तानी सरकार का विरोध कर रहे हैं।

पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में पाकिस्तान में हिंसा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। देश में हमलों की संख्या में लगभग 70फीसदी की वृद्धि देखी गयी। इन घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या में लगभग 81फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि घायलों की संख्या में 62फीसदी की वृद्धि हुई।


गत 12 दिसंबर, 2023 को, लड़ाकों ने उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हमला कर दिया और गोलीबारी शुरू कर दी। फिर विस्फोटकों से भरे एक वाहन को वहां से लगभग 60 किलोमीटर (37 मील) दूर दरबान शहर में सैन्य अड्डे में ले जाकर टक्कर करवा दिया। यह सैन्य अड्डा डेरा इस्माइल खान शहर, खैबरपख्तूनख्वा के अशांत प्रांत में स्थित है जो अफगानिस्तान से लगे अराजक आदिवासी क्षेत्रों के निकट है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा, बंदूक और आत्मघाती बम हमले में कम से कम 23 लोग मारे गये।

2 दिसंबर, 2023को, पाकिस्तान के गिलगित-बलतिस्तान में चिलास शहर के पास हमलावरों के एक समूह ने एक परिवहन बस पर हमला कर दिया, जो चीन के साथ पाकिस्तान की सीमा के पास देश के उत्तर में एक स्वायत्त क्षेत्र है। काराकोरम पर्वत श्रृंखला के माध्यम से पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाले काराकोरम राजमार्ग पर 45 नागरिक यात्रियों को ले जा रही बस पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया जिसमें 10 यात्रियों की मौत हो गयी तथा अनेक लोग घायल हो गये।

1 जनवरी, 2024 को प्रकाशित आंकड़ों से पता चला कि पाकिस्तान को 2023 में लगभग 645 आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप 976 मौतें हुईं और 1,354 घायल हुए। यह पूरे वर्ष में लगभग हर 14 घंटे में एक हमले के बराबर है। 2022 में, 380 हमले दर्ज किये गये, जिनमें 539 मौतें हुईं और 836 घायल हुए।

2023 में, पिछले वर्षों की तुलना में घातक आतंकवादी हमलों में लगभग 70फीसदी की वृद्धि हुई, जो इसे पिछले आधे दशक में सबसे घातक हमलों के रूप में चिह्नित करता है। पड़ोसी अफगानिस्तान में तालिबान के नियंत्रण में आने के बाद से हिंसा में यह वृद्धि जारी है।

# घरेलू पर्यटन प्रोत्साहन से मालदीप क्यों बौखलाया?




नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लक्षद्वीप की यात्रा पर क्या गये, चीन की कटपुतली बने मालदीव को मिर्ची लग गयी। वहां की नई सरकार और वहां के तमाम लोग इसे अपने पर्यटन उद्योग के लिये गंभीर खतरा मानते हुए भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार टिप्पणियां कर दी, नासमझी में की गयी ये टिप्पणियां मालदीप के लिये इतनी भारी पड़ गयी कि भारतीय पर्यटकों ने जहां अपनी मालदीप की यात्रा को रद्द करना प्रारंभ कर दिया, वहीं भारत सरकार की तरफ से भी ऐतराज जताया गया। भारत की त्वरित कार्रवाई को देखकर मालदीप सरकार घबरा गयी और उसने अपने मंत्रियों के बयान से किनारा कर लिया लेकिन साफ है कि भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है।

भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्रायः भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है। मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पास भी खूबसूरत समुद्र तट है। इसी के साथ उन्होंने कहा था कि जो लोग रोमांच को पसंद करते है, लक्षद्वीप उनकी टॉप लिस्ट में होना चाहिए। इसके बाद गूगल पर अचानक लक्षद्वीप को सर्च करने वालों की संख्या बढ़ गई। इसी के साथ सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की खूबसूरत तस्वीरे पोस्ट की जाने लगी। यह बहस चल पड़ी कि जब देश में इतनी खूबसूरत जगह है तो अपनी छुट्टी मनाने कहीं और क्यों जाएं? लोगों को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप जाना चाहिए। इससे खफा होकर मालदीव के मोहम्मद मुइज्जु मंत्रीमंडल के तीन मंत्रियो मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की और वहां की सरकार को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने इन तीनों मंत्रियों को हटाना पड़ा है। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में यदि लक्षद्वीप जैसे भारत के द्वीपों को प्रमोट किया जाता है तो जाहिर है कि भारत से मालदीव जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका विपरीत असर वहां के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा।

असल में भारत के लोग सैर-सपाटे के शौकीन हैं और इसके लिए वे विदेश जाते हैं तो इससे देश की आर्थिक व्यवस्था पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। बड़ी मात्रा में देश की धनराशि तत्काल बाहर जाती है। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देकर यह धनराशि देश में ही रोकी जा सकती है, इससे स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और अंततः जीडीपी को बढ़ावा दिया जा सकता है। विदेशी पर्यटन पर खर्च से न केवल घरेलू आर्थिक गतिविधियों की गति बढ़ाने का अवसर गंवा दिया जाता है, बल्कि व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। वहीं घरेलू पर्यटन स्थलों का अपेक्षित दोहन नहीं होने से उन क्षेत्रों में सभांवित निवेश प्रभावित होता है। वहां विकास गतिविधियां थम सकती हैं, जिससे स्थानीय आर्थिकी सिकुड़ सकती है। वर्तमान भाजपा सरकार इन स्थितियों पर लम्बे समय से ध्यान दे रही है। उसने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक योजनाएं बनाई है। "देखो अपना देश" और "स्वदेश दर्शन योजना" के मूल में घरेलू पर्यटन को बढ़ाना देना ही है। थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट भी इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ईको पर्यटन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए "अमृतं धरोहर" जैसी पहल की गई है। राज्य सरकारों को भी इसके लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने होंगे। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों के आधार पर वे पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। उन्हें सैलानियों की सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा, विशेषकर दूर-दराज के इलाकों में उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करना होगा। पर्यटन के स्तर पर नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं। हम विदेश में तो कड़े नियमों का पालन करते हैं, लेकिन अपने देश में नियम तोड़ते रहते हैं। याद रहे कि सबका साथ-सबका विकास में सबका प्रयास ज्यादा महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी है। भारत का पर्यटन क्षेत्र विपुल संभावनाओं से भरा है। इससे जुड़ी संभावनाओं को भुनाने से न केवल हमारी विरासत सशक्त होगी, बल्कि आर्थिक वृद्धि और सांस्कृतिक संरक्षण के साथ ही राष्ट्रीय गौरव भी बढ़ेगा।

भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही "इंडिया आउट" का नारा दिया था। विदेश मामलों के जानकार हर्ष वी. पंत का भी मानना है कि अगर तल्खी बढ़ती है तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है। जिसका भारत खयाल रखेगा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जा रहा है। चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। लेकिन मोदी ने उनकी इन कुचेष्टाओं को निस्तेज करने के लिये लक्षद्वीप का सहारा लिया है। लक्षद्वीप देश में सबसे शांत स्थानों में से सुंदर और एक है। यहां कुल 36 द्वीप, 12 एटोल, तीन चट्टानें है। निश्चित ही मोदी की इस यात्रा के बाद लक्षद्वीप में बड़े पैमाने पर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक प्रयत्न होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। न सिर्फ भारत के आम लोग, बल्कि सेलिब्रिटी भी अब मैदान में है और पीएम मोदी और भारत के बारे में कही गई मालदीव के नेता की टिप्पणी का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि देश पहले है, देश का सम्मान एवं विकास पहले हैं। हमारा लक्षद्वीप किसी से कम नहीं है। कई भारतीय इस दावे के साथ कैंसल टिकट का स्क्रीन शॉट पोस्ट कर रहे हैं कि उन्होंने मालदीव जाना तय किया था, लेकिन अब वह अपना प्लान बदल रहे है। कई युवाओं ने पोस्ट किया है मालदीव जैसे देशों की टूरिज्म इंडस्ट्री में भारतीयों का बड़ा योगदान है। इसके बावजूद मालदीव के नेताओं के बिगड़े बोल बर्दाश्त नहीं किए जा सकते हैं।

मालदीव की प्रमुख हस्तियों की भारतीयों पर घृणित और नस्लवादी टिप्पणियाँ विडम्बनापूर्ण एवं आश्चर्यकारी है। क्योंकि कि वे ऐसा उस देश के लिए कर रहे हैं जो उन्हें सबसे अधिक संख्या में पर्यटक भेजता है। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति अच्छा रहा हैं लेकिन हमें ऐसी अकारण नफरत क्यों बर्दाश्त करें? निश्चित ही इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियों के जरिये दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव ही पडेगा। निश्चित ही मालदीप की सार्वजनिक हस्तियों को मयार्दा एवं भाषा का विवेक रखना चाहिए। भारतीय यदि मालदीव का बहिष्कार करने लगा तो वहां अर्थव्यवस्था चरमरा जायेगी। प्रेषकः


**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**


# हिन्दी है राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा, फिर उपेक्षा क्यों?

**-ललित गर्ग-**




विश्व हिन्दी दिवस मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में फैले हिंदी जानकारों को एकजुट करना, हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित एवं प्रोत्साहित करना और हिंदी की आवश्यकता से अवगत कराना है। अंग्रेजी भाषा भले ही दुनियाभर के कई देशों में बोली है और लिखी जाती है. लेकिन हिंदी हृदय की भाषा है। विश्व योग दिवस, विश्व अहिंसा दिवस आदि भारतीय अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़े विश्व दिवसों की शृंखला में विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। ताकि विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा हो तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता मिले। विश्व हिंदी दिवस पहली बार 10 जनवरी, 2006 को मनाया गया था। आज हिन्दी विश्व की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा है, विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एक बड़ा प्रश्न है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं की सहायता जरूर ली जाए लेकिन तकनीकी एवं कानून की पढ़ाई एवं राजकाज की भाषा के माध्यम के तौर पर अंग्रेजी को प्रतिबंधित या नियंत्रित किया जाना चाहिए। आज भी भारतीय न्यायालयों में अंग्रेजी में ही कामकाज होना राष्ट्रीयता को कमजोर कर रहा है। हिन्दी के बहुआयामी एवं बहुतायत उपयोग में ही राष्ट्रीयता की मजबूती है, जीवन है, प्रगति है और शक्ति है किन्तु इसकी उपेक्षा में विनाश है, अगति है और स्खलन है।

हिंदी इस समय विश्व में तेजी से उभरती हुई भाषा है। दुनियाभर में 70 करोड़ से ज्यादा लोग हिंदी भाषा बोलते हैं। यही वजह है कि अंग्रेजी और मंदारिन चीनी भाषा के बाद हिंदी दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद, टोबैगो, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान और नेपाल आदि में लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। 1975 को महाराष्ट्र के नागपुर में पहला हिंदी विश्व सम्मेलन आयोजित किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुए इस सम्मेलन में उस दौरान 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। बाद में साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री रहे डॉ.मनमोहन सिंह ने हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसके साथ ही इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को आधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल करने के मकसद से भी मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में स्थित भारत के सभी दूतावासों में विश्व हिंदी दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। एथनोलॉग के वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण में बताया गया है कि दुनियाभर की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं, इनमें हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। हिंदी भारत की राजभाषा है। सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व को समेट हिंदी अब विश्व में लगातार अपना फैलाव कर रही है, हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के नाम पर भारत में उदासीनता एवं उपेक्षा की स्थितियां परेशान करने वाली है, विडम्बनापूर्ण है। विश्वस्तर पर प्रतिष्ठा पा रही हिंदी को देश में दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी है, यही कारण है कि आज भी देश में हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। देश-विदेश में इसे जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

हिन्दी को उसका गौरवपूर्ण स्थान दिलाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के प्रयत्नों को राष्ट्र सदा स्मरणीय रखेगा। क्योंकि मोदी ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर न केवल हिन्दी को गौरवान्वित किया बल्कि देश के हर नागरिक का सीना चौड़ा किया। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? दुनिया में हिन्दी का वर्चस्व बढ़ रहा है, लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं होना, इन्हीं विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों को ही दशार्ता है। स्वभाषा हिन्दी, राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय प्रतीकों की उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद ही हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रचारित-प्रसारित करने के लिए 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है।

विशेषतः अदालतों में आज भी अंग्रेजी का वर्चस्व कायम रहना, एक बड़ा प्रश्न है। देश की सभी निचली अदालतों में संपूर्ण कामकाज हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में होता है, किंतु उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में यही काम केवल अंग्रेजी में होता है। यहां तक कि जो न्यायाधीश हिंदी व अन्य भारतीय भाषाएं जानते हैं वे भी अपीलीय मामलों की सुनवाई में दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद कराते हैं। आमजन के लिए न्याय की भाषा कौन-सी हो, इसका सबक भारत और भारतीय न्यायालयों को अबू धाबी से लेने की जरूरत है। संयुक्त अरब अमारात याने दुबई और अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है। वहां के जनजीवन में हिन्दी का सर्वाधिक प्रचलन है। दुनिया में जितने भी देश महाशक्ति के दर्जे में आते हैं, उनकी शासकीय कार्य एवं अदालतों में मातृभाषा चलती है। यूरोपीय देशों में जैसे-जैसे शिक्षा व संपन्नता बढ़ी, वैसे-वैसे राष्ट्रीय स्वाभिमान प्रखर होता चला गया। रूस, चीन, जापान, वियतनाम और क्यूबा में भी मातृभाषाओं का प्रयोग होता है। लेकिन भारत, भारतीय अदालतें एवं सरकारी महकमें कोई सबक या प्रेरणा लिए बिना अंग्रेजी को स्वतंत्रता के सतहतर साल बाद भी ढोती चली आ रही हैं।

## पोलिस को अब दंड के बजाय डाटा के साथ काम करने की जरूरत, समय की मांग

**गोंदिया -**

वैश्विक स्तरपर हर देश में वहां की आंतरिक कानून व्यवस्था, सुरक्षा, हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी वहां की पुलिस द्वारा प्रदान करने में जी तोड़ मेहनत की जाती है,जो उनका कर्तव्य भी है और नागरिकों का मौलिक अधिकार भी है,परंतु अक्सर हम देखते हैं कि आम नागरिक जिन तीन कोट से अक्सर दूर की सलामी चाहता है उसमें से एक खाकी कोट भी शामिल है,आज करीब करीब हर देश में एक आम नागरिक पोलिस से दूर रहना चाहता है, किसी झमेले में नहीं पढ़ना चाहता यही कारण है कि अनेक घटनाओं में गवाह नहीं मिलते या एन वक्त पर जब कोर्ट में केस टेबल पर आता है तो वे होस्टाइल हो जाते हैं और यही कारण है कि अपराध और सजा का रेशियो बहुत गिरा हुआ है। याने अधिकतम अपराधी छूट जाते हैं। दूसरा मेरा मानना है कि आम नागरिकों के बीच पुलिस की हरे गुलाबी की छवि, याने पुलिस के झमेले में आए और इतने हरे गुलाबी का फटका लगा, यह मानसिकता की सोच आज बदलने की जरूरत है। चूंकि राजस्थान के जयपुर में 5-7 जनवरी 2024 को 58 वां अखिल भारतीय पुलिस डीजी/आईजी सम्मेलन का सफलता पूर्वक समाप्ति हुआ,जिसको माननीय पीएम ने आज 7जनवरी 2024 को संबोधित किया जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, वहीं केंद्रीय गृहमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भी मार्गदर्शन किया अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ जिसमें आतंकवाद,तीन नए आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन व प्रशिक्षण, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भारतीय पुलिस की आधुनिक और विश्वासस्तरीय बल में बदलना सहित अनेक प्रकार का मार्गदर्शन,व्यापार विचार विमर्श किया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पुलिस को दंड के बजाय डाटा के साथ काम करने की जरूर और तीन नए आपराधिक कानून को, सजा के बजाए न्याय देने की मंशा के दूरगामी सकारात्मक परिणाम मिलेगा।

साथियों बात अगर हम 5 जनवरी 2024 को शुरू हुए इस सम्मेलन की करें तो,तीन दिवसीय सम्मेलन में जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, उनमें तीन नये आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, खालिस्तान समर्थक समूहों की गतिविधियां और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमला समेत कई मुद्दे शामिल हैं। एक अधिकारी ने मीडिया में कहा कि आमचुनाव से जुड़े मुद्दे, साइबर अपराध, माओवादी समस्या और अंतरराज्यीय पुलिस समन्वय समेत कई अन्य प्रमुख विषय हैं, जिन पर बैठक के दौरान चर्चा हुई है। डीजी-आईजी रैंक के 250 करीब अधिकारी शामिल हुए। जबकि करीब अन्य 200 से अधिक के भी इसमें भाग लिए है। गृह मंत्रालय के अधिकारी ने मीडिया में कहा कि कई अधिकारियों को आतंकवाद का निरोध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद, खालिस्तान समर्थक समूहों की गतिविधियां और वामपंथी उग्रवाद जैसे विशिष्ट विषयों पर प्रस्तुतियां देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थीं। इन सभी उभरती आंतरिक सुरक्षाचुनौतियों का सामना कैसे किया जाए, इस पर विस्तृत विचार विमर्श किया। इसके अलावा, सम्मेलन में पुलिसिंग और सुरक्षा से जुड़े भविष्य के विषयों जैसे कृत्रिम मेधा (एआई), डीपफेक आदि जैसी नई प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। पीएमओ ने कहा कि सम्मेलन मूर्त कार्य बिंदुओं की पहचान करने और उनकी प्रगति की निगरानी करने का अवसर भी प्रदान करता है, जिसे हर साल पीएम के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाता है।यहसम्मेलन चिह्नित विषयों पर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पुलिस और खुफिया अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श का समापन है। सम्मेलन में प्रत्येक वर्ष की तरह राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की सर्वश्रेष्ठ परंपराओं को प्रस्तुत किया गया ताकि राज्य एक-दूसरे से सीख सकें।

# अस्पताल के बदले सर्जिकल इंस्ट्रूमेंटः अनीता अग्रवाल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बाल संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल ने जिला अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर तथा बाल सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में साफ-सफाई, बेडशीट बदलने व सर्जिकल इंस्ट्रमेंट बदलने के निर्देश दिए।

सोमवार को बाल संरक्षण आयोग सदस्य अनीता अग्रवाल ने सभी वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से हाल-चाल जाने। सम्प्रेषण गृह में साफ-सफाई के निर्देश देते हुए व्यवस्थायें चैकस मिलीं। जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह, महिला शक्ति टीम की महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर व जिला समन्वयक मीनू सिंह से भी बातचीत की।



अधिकारियों से बात करती बाल संरक्षण आयोग सदस्य।

उन्होंने ज्ञान भारती इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। बच्चों से चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर आदि बाबत पूंछा। पढ़ाई बाबत सभी व्यवस्थायें चैकस मिलीं। जिले के लोनिवि के डाक बंगले में सभी विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। श्रम प्रवर्तन अधिकारी व नगर पालिका को बाल भिक्षावृत्ति व बाल श्रम रोकने को अभियान चलाने को कहा। भारत सरकार के भिक्षा से शिक्षा की ओर जागरूक करने के निर्देश दिए। सीएमओ से सर्जिकल यंत्रों को बदलने व डॉक्टरों की मौजूदगी तथा सभी मरीजों का सही ढंग से इलाज करने के निर्देश दिये। आबकारी अधिकारी से कहा कि 12 से 23 जनवरी तक सुभाष चंद्र बोस जयंती पर नशा मुक्त अभियान चलायें। बीएसए को आरटीआई से बच्चों का प्रवेश कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम अधिकारी को पोषण वाटिका बनाने को कहा। बैठक में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, बीएसए लवप्रकाश यादव, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी, सीडब्ल्यूसी टीम, बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह व महिला टीम मौजूद रहे।

# 21 को सीएम सामूहिक विवाह से होंगी शादियां

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब लोगों की पुत्रियों की शादी को सामूहिक विवाह को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ पाने को आवेदक उप्र का निवासी हो। आवेदक परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपए, कन्या की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। आवेदन के समय पोर्टल पर आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, वर-वधू का आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो व कन्या के हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार की धनराशि खर्च की जायेगी। कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रुपए, दस हजार विवाह संस्कार को आवश्यक गृह उपयोगी सामग्री दी जायेगी। छह हजार रुपए विवाह में खर्च होंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 21 जनवरी के शुभ मुहुर्त में होगा। पहले आओ-पहले पाओ पर लाभार्थियों का चयन होना है। लोगों से कहा कि पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठायें। ज्यादा जानकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन में सम्पर्क करें।

## दो के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब बरामद





पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा मुकेश सिंह परिहार ने सिपाही शुभम त्रिपाठी के साथ आशीष कुमार पाण्डेय पुत्र अशोक कुमार पाण्डेय निवासी यमुना रोड हनुमानगंज के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सोमवार को इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा कृष्णदेव मिश्रा ने सिपाही धीरेन्द्र यादव व अजय वर्मा के साथ बालकेश सोनकर पुत्र लवलेश सोनकर निवासी गोसाईंपुरवा के कब्जे से 24 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## तमंचा समेत एक दबोचा



पुलिस गिरफ्त में तमंचाधारी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने पिंटू उर्फ राधेमोहन पुत्र बाबूलाल निवासी मटियारा के कब्जे से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, सिपाही नागेश कुमार व मो अदनान शामिल रहे।

## छात्रवृत्ति आवेदन को खोला पोर्टल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 के लाभ से कोई पात्र छात्र वंचित न रहे। समाज कल्याण विभाग ने छात्रों को आवेदन को सात दिन का और मौका दिया है। विभाग ने चैथी बार पोर्टल खोलकर छात्रवृत्ति को ऑनलाइन आवेदन की तिथि दो जनवरी से बढ़ाकर 14 जनवरी की है। आठ जनवरी को दोबारा पोर्टल खोला जाएगा। पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में कक्षा 9-10 के अनुसूचित जाति छात्रों को 35 सौ रुपए व सामान्य वर्ग छात्रों को तीन हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी। किसी भी आय सीमा के स्वच्छकारों विशेष सफाई कार्य से जुड़े परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति का प्रावधान है। दशमोत्तर कक्षाओं में पढ़ रहे सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र दस जनवरी तक एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्र 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे।

# डीएम ने बायो गैस प्लांट देखा, विद्युत प्रयोग करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कसहाई गांव में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज सेकेंड के तहत बायोगैस संयंत्र 45 घन मीटर क्षमता गैस उत्सर्जन मय बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया।

सोमवार को जिलाधिकारी को निरीक्षण में डीपीआरओ ने बताया कि बायोगैस प्लांट से 45 घन मीटर बिजली पैदा होती है। उसके अपशिष्ट से खाद बनती है। डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र को डीएम ने निर्देश दिये कि उत्पादित होने वाली बिजली के प्रयोग को विद्यालयों व अन्य लोगों को देने को संपर्क करें। उन्होंने प्रधान को निर्देश दिये कि सडक पर गांव निधि से लाइट लगवायें, ताकि बायोगैस प्लांट की विद्युत से जनता को लाभ मिल सके।



गौशाला का निरीक्षण करते डीएम।

जिलाधिकारी ने कहा कि पास में बने स्कूल से बातचीत कर कनेक्शन से बिजली पहुंचायें। कसहाई में बने स्थाई गौशाला को देखा। स्टाफ के बारे में जानकारी ली। गौशाला में बने स्टोर रूम भी देखे। प्रधान को निर्देश दिये कि पराली व भूसा के साथ गौवंशों को हरा चारा भी खिलायें। भूसा के साथ खली, चोकर व अन्य पौष्टिक आहार भी दें। सचिव को निर्देश दिये कि जिन पशुओं के टैग नहीं लगा, लगवायें। जिलाधिकारी ने स्टाफ, राशन रजिस्टर भी देखे। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, बीडीओ आस्था पांडे, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन प्रभात द्विवेदी, सचिव रामकुमार, प्रधान कसहाई मौजूद रहे।



कस्बे में भ्रमण करते अधिकारीगण।

## अधिकारियों ने चरण पादुका तैयारी का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने 15 जनवरी से शुरू होने वाली श्रीराम चरण पादुका यात्रा बाबत व 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों को सजाने बाबत कस्बे का निरीक्षण किया। सोमवार को एसडीएम-सीओ ने नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव कुमार मिश्रा व निरीक्षक अपराध बलवान सिंह के साथ कस्बा राजापुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कस्बा राजापुर में साफ-सफाई व बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी से श्रीराम चरण पादुका यात्रा निकल रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस बाबत राजापुर कस्बे के मन्दिरों में भव्य ढंग से सजावट व भजन-कीर्तन के आयोजन होंगे। इस बाबत बडे पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं।

## घटिया सामग्री से बन रहा मकरी पहरा पुल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के मकरी पहरा गांव में पयश्वनी नदी पर बनाये जा रहे पुल निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है। इससे शुरूवाती दौर में ही पुल में सरिया दिखने लगी हैं। सोमवार को सेतु निगम के मकरी पहरा गांव में बन रहे पयश्वनी नदी पर पुल में घटिया सामग्री से निर्माण का खुलासा हुआ है। बताया गया कि पुल में बनी बीम में सरिया दिख रही है। घटिया निर्माण के चलते कभी भी बडा हादसा हो सकता है। कुछ वर्षों पहले बनारस में पुल टूटने की बडी घटना हुई थी। इस पुल में भी कुछ महीने पहले दो बीम पलटने की खबर चली थी। कुछ मजदूर भी घायल हो गये थे। अधिकारी व ठेकेदार ने घटना से सबक नहीं सीखा। पुल का घटिया निर्माण होने से कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। समय रहते अधिकारियों को पुल निर्माण की घटिया सामग्री की जांच करनी चाहिए। घटिया सामग्री से पुल निर्माण मिलने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करना चाहिए।

# नमो ड्रोन दीदी कृषि क्षेत्र में उडायेंगी ड्रोनः सांसद आरके सिंह पटेल

### मोदी की गारंटी से करोडों परिवार हो चुके लाभान्वित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50वें दिन जिले के रामनगर ब्लॉक के सुहेल बराछी गांव में समापन पर हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने आम जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संवाद को सुना। कहा कि ये यात्रा देश की यात्रा है, ये संकल्पना यात्रा है। ये मोदी की गारंटी यात्रा है। देश 2047 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाएगा।



संकल्प यात्रा में संकल्प लेते सांसद-विधायक-जिला पंचायत अध्यक्ष आदि।

सोमवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि देश में सरकारी योजनाओं के लाभ की गारंटी की गाड़ी जनता के बीच सभी विभाग जा रहे हैं। मौके पर लोगों के ऑनलाइन फॉर्म भर कर योजनाओं से जोड़ने के कार्य जारी हैं, जिन्हें लाभ मिल चुका है, उन्हें प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। देश में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं के जीवन में बदलाव लाया जा रहा है। मोदी सरकार गांव-गांव जनता से जुड़कर उन्हें सरकार की विकासवादी सोच से चारों जातियों को गरीबी से उठाने का संकल्प लिये हैं। मोदी भारत संकल्प यात्रा का मकसद है- सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र को मिले। मोदी की गारंटी की गाड़ी ने 12 लाख उज्जवला के नए कनेक्शन ऑनलाइन कराये हैं। एक करोड़ गरीबों को टीबी बीमारी की निःशुल्क जांच हुई है। मोदी सरकार की यात्रा से करोड़ों परिवारों को लाभ मिल चुका है। देश में महिलाओं में स्वावलंबन भावना जागृत हुई है। महिलायें मुद्रा योजना का लाभ लेकर नए कीर्तिमान बना रही हैं। मोदी सरकार का संकल्प है आने वाले समय में दो करोड़ लखपति दीदी बनायेंगे। नमो ड्रोन दीदी कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित महिलायें ड्रोन उड़ायेंगी। पीएम किसान सम्मान निधि से प्रत्येक किसान के खाते में तीस हजार पहुंच चुके हैं। एफपीओ से किसानों को बीज भंडारण व कृषि यंत्रों में छूट देकर मजबूत बनाया जा रहा है। इस मौके पर नौनिहाल बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार भी हुए। योजनाओं का लाभ पा चुके लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गये। यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, मानिकपुर-मऊ विधायक अविनाश चंद द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष भाजपा रामनगर प्रदीप सिंह, अर्जुन शुक्ला, राजाराम पाल, राजेश्वरी द्विवेदी, मुन्नालाल प्रजापति, हर्ष मिश्रा, दीपक तिवारी, सुरेश अनुरागी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पांडेय, राजकुमार त्रिपाठी, अरविंद यादव, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## गरम तेल डाल घायल करने वाले को हुई दस वर्ष की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार वेदांत पांडेय ने न्यायालय से गरम तेल डालकर घायल करने वाले आरोपी को दस वर्ष की सजा व साढे 11 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। सोमवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला की पैरवी व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस से न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने मानिकपुर थाने में दर्ज मामले के आरोपी मन्नू उर्फ गणेश प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व मेवालाल निवासी गांधीनगर को दस वर्ष की सजा व साढे 11 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 18 जून 2015 को नंदकिशोर ने थाना मानिकपुर में रिपोर्ट लिखाई थी कि मन्नू उर्फ गणेश प्रसाद गुप्ता ने उसके पुत्र पर गरम तेल डाल कर घायल कर दिया है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर विवेचना दरोगा दिनेश कुमार ने कर आरोपी के खिलाफ 29 सितम्बर 2015 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## 12 को लगेगा रोजगार मेला

**चित्रकूट।** जिला समन्वयक जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि उप्र कौशल विकास मिशन के निर्देश में 12 जनवरी को सवेरे दस बजे से गल्ला मंडी परिसर सेवा योजन कार्यालय कसहाई रोड कर्वी में एक दिवसीय रोजगार मेला लगेगा। देश की प्रतिष्ठित कम्पनियां लेन्सकाई, प्रणव विकास इण्डिया प्रालि, मिन्डा कार्पो, मोबेश इण्डिया प्रालि, बंसल वायर्स प्रालि आदि 12 से अधिक कम्पनियां हिस्सा लेंगी। 15 सौ से अधिक रिक्त पदों को भरा जाना है। इच्छुक महिला/पुरुष रोजगार को ऑनलाइन आवेदन करते हुये सभी शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति के पत्रों समेत निर्धारित तिथि व समय में हाजिर होकर अवसर का लाभ उठायें। ऑनलाइन न कर पाने की दशा में सीधे हिस्सा ले सकते हैं। ज्यादा जानकारी को जिला सेवा योजन कार्यालय कर्वी व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्रकूट में सम्पर्क कर सकते हैं।

# कोटेदार विरोध में प्रधान समेत ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोटेदार से परेशान ग्रामीणों ने प्रधान की अगुवाई में जिला मुख्यालय के कलेक्टेज्ट में प्रदर्शन कर कोटेदार की दुकान निरस्त करने की मांग उठाई।

सोमवार को पहाड़ी ब्लाक के पचोखर गांव की प्रधान सविता देवी की अगुवाई में ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय के कलेक्टेज्ट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गांव के कोटेदार का पति दबंग है। गुंडई के चलते राशन कार्ड धारकों से मशीन में अंगूठा लगवा लेता है। खाद्य सामग्री नहीं देता है। कुछ लोगों को घटतौली से राशन बांटता है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

प्रधान ने कहा कि शिकायतों को सुनने के बाद कोटेदार से कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही तो उन्हे भी धमकी दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार ने पिछले वर्ष अप्रैल माह में सरकारी गेहूं-चावल बाजार में बेंचा था। ट्रैक्टर से ले जाते समय शिकायत की गयी थी, कोई सुनवाई नहीं हुई। कोटेदार की दुकान निरस्त कर पुनः नया प्रस्ताव लाया जाये।

# अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन अस्पताल में भर्ती, राष्ट्रपति को नहीं दी गई जानकारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन के कई दिनों से अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन से छुपाने के लिए पेंटागन को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि लॉयड ने इसके लिए माफी मांगकर इस विवाद का पटाक्षेप करने की कोशिश की है।


ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन रविवार को भी अस्पताल में भर्ती रहे। वह शारीरिक जटिलताओं से जूझ रहे हैं। पेंटागन उनकी वैकल्पिक सर्जरी की जरूरत की बात को कई दिनों तक सार्वजनिक करने में विफल रहा। पेंटागन ने आलोचना से बचने के लिए उन्हें गहन चिकित्सा देखभाल में भेज दिया है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्टिन पहली जनवरी को अस्पताल गए थे। तब से वह पेंटागन में नहीं हैं। रक्षा विभाग के प्रवक्ता पैट्रिक राइडर ने रविवार दोपहर अपडेट में कहा, वह अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहां से उन्हें छुट्टी कब मिलेगी, इसकी कोई तारीख तय नहीं है,लेकिन वह ठीक हो रहे हैं और अच्छी अवस्था में हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय बाइडेन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, कांग्रेस प्रतिनिधियों और स्वयं राष्ट्रपति पर यह सार्वजनिक करने का दबाव बढ़ गया है कि लॉयड ऑस्टिन के अस्पताल में भर्ती होने के की बात कुछ दिन तक क्यों छुपाई गई। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने ऑस्टिन के अस्पताल में भर्ती होने का खुलासा करने में देरी को कर्तव्य में लापरवाही की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नागरिकों को रक्षामंत्री की स्थिति के बारे में जानने का अधिकार है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षामंत्री ने शनिवार को एक बयान में कहा है कि वह गोपनीय तरीके से अस्पताल में भर्ती होने की ह्यपूरी जिम्मेदारीह्व लेते हैं। इसके लिए देश से माफी भी मांगते हैं। उल्लेखनीय है कि 70 वर्षीय लॉयड ऑस्टिन को नए साल के पहले दिन वाल्टर रीड राष्ट्रीय सैन्य चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया था। आरोप है इस बात को पांच दिन तक छुपा कर रखा गया।

# पाकिस्तान में पुलिस वैन में विस्फोट, पांच की मौत, 27 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले की मामुंड तहसील में सोमवार को एक पुलिस वैन के पास हुए विस्फोट में पांच पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी काशिफ जुल्फिकार ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की।

स्थानीय समाचार पत्र डान ने अपनी रिपोर्ट में बाजौर पुलिस प्रवक्ता इसरार अहमद के हवाले से कहा है कि इस इलाके में पोलियो टीकाकरण अभियान चल रहा है। पुलिस अधिकारी और जवान पोलियो टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनकी वैन को निशाना बनाया गया।

जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ वजीर खान सफी ने कहा कि 12 घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल 10 अन्य को पेशावर रेफर किया गया है। मलकंद डिवीजन के आयुक्त साकिब रजा ने कहा कि विस्फोट के कारण क्षेत्र में पोलियो टीकाकरण अभियान अस्थाई तौर पर रोक दिया गया है ।

प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरशद हुसैन शाह ने विस्फोट की निंदा करते हुए पुलिस अधिकारियों की शहादत पर दुख व्यक्त किया। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने भी घटना की निंदा की है।

# जापान के भूकंप प्रभावित इशिकावा प्रान्त में 128 की मौत, 195 लापता



**टोक्यो।** अधिकारियों ने कहा कि मध्य जापानी प्रान्त इशिकावा में मरने वालों की संख्या 128 तक पहुंच गई है। छह दिन पहले 7.6 तीव्रता तक के भूकंपों ने प्रीफेक्चर और इसके आसपास के क्षेत्र को प्रभावित किया था।

भूकंप के कारण इशिकावा में 560 लोगों को चोटें आईं, प्रीफेक्चर में 195 निवासियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भूकंप प्रभावित इलाकों में बचाव अभियान जारी है।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रात करीब 8:20 बजे इशिकावा प्रान्त के सुजु शहर में एक ढहे हुए घर से मलबे में फंसी 90 साल की एक महिला को बाहर निकाला गया।

एक डॉक्टर ने रविवार को कहा कि सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप के 124 घंटे बाद बचाई गई बुजुर्ग महिला अब ठीक हो गई है। आपातकालीन बचाव दल के अनुसार, भूकंप के बाद 72 घंटों से अधिक समय तक लोगों को बचाया जाना दुर्लभ है, क्योंकि पहले तीन दिनों के बाद किसी आपदा में जीवित रहने की संभावना काफी कम हो जाती है।

प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने रविवार को कहा कि सरकार प्रभावित लोगों को तरजीही उपचार देने के लिए भूकंप को एक निर्दिष्ट आपातकालीन आपदा के रूप में नामित करेगी, जैसे कि ड्राइवर के लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ाना और दिवालियापन की कार्यवाही को स्थगित करना। जापान की मौसम एजेंसी ने यातायात बाधित होने की चेतावनी दी है, क्योंकि आपदा प्रभावित इलाकों में भारी बर्फबारी की आशंका है।

# शेख हसीना की भारी बहुमत के साथ बांग्लादेश की सत्ता में वापसी




**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को गोपालगंज-3 सीट से 8वीं बार जीत के साथ सत्ता में चौथी बार सत्ता में वापसी की है। हसीना की पार्टी अवामी लीग ने हिंसा की छिटपुट घटनाओं तथा मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) एवं उसके सहयोगियों के बहिष्कार के बीच हुए चुनावों में दो-तिहाई सीट पर जीत दर्ज की है। हसीना की पार्टी ने अब तक 300 सदस्यीय संसद में 200 सीट पर विजय हुई है। रविवार को हुए मतदान के बाद मतगणना अभी भी जारी है। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि हम अबतक उपलब्ध परिणामों के आधार पर अवामी लीग को विजेता कह सकते हैं लेकिन बाकी निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना खत्म होने के बाद अंतिम घोषणा की जाएगी। शेख हसीना 2,49,965 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के एम निजाम उद्दीन लश्कर को महज 469 वोट ही मिले।बांग्लादेश में मतदान खत्म हो चुका है और काउंटिंग जारी है। बांग्लादेश में छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बीच रविवार को आम चुनाव समाप्त हुआ। मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी और उसके सहयोगियों के बहिष्कार के बीच बांग्लादेश में रविवार को वोट डाले गए। सुबह आठ बजे शुरू हुआ मतदान शाम चार बजे खत्म हो गया। देश में 40 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम नतीजे सोमवार तड़के तक आने की उम्मीद है।

मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मतदान प्रतिशत का आंकड़ा बढ़ सकता है। 2018 के आम चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं के अलावा, 300 में से 299 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण आयोग ने एक सीट पर मतदान निलंबित कर दिया। कुल 1,970 उम्मीदवार मैदान में हैं। सात केंद्रों पर अनियमितता के कारण मतदान रद कर दिया गया, जबकि सुरक्षा अधिकारियों को धमकी देने के कारण अवामी लीग के एक उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद कर दी गई। चुनाव आयोग ने उद्योग मंत्री नुरुल माजिद महमूद हुमायूं के बेटे को नरसिंगडी में चुनावी धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया।

बांग्लादेश में आम चुनाव के दौरान रविवार को अवामी लीग के नेता की हत्या कर दी गई। अवामी लीग के नेता जिल्लुर रहमान सुबह मुंशीगंज में एक मतदान केंद्र के पास मृत पाए गए। वह मुंशीगंज-3 से एएल-नामांकित उम्मीदवार मृणाल कांति दास के समर्थक थे।

# नेपाल-भारत के बीच तीन नए अन्तरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने पर सहमति



**काठमांडू।** भारत में 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली निर्यात करने के लिए तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनें बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बीते शनिवार को चितवन में संपन्न नेपाल-भारत ऊर्जा सचिव स्तरीय 11वीं बैठक में इस पर प्रारंभिक सहमति बनी है।

इस बैठक में भारत की तरफ से नेपाल में निजगढ़-मोतिहारी, अनारमनी-किसनगंज और लमही-लखनऊ प्वाइंट पर 400 केवी क्षमता का ट्रांसमिशन लाइन बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है। भारतीय दूतावास के तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि एक संयुक्त तकनीकी दल को इसका अध्ययन करने के लिए निर्देश दिया गया है। इस तकनीकी दल में भारत के ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव संदीप कुमार देव को समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें नेपाल विद्युत प्राधिकरण और भारत के पावर ग्रिड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

वर्तमान में नेपाल और भारत के बीच 132 केवी क्षमता की पांच ट्रांसमिशन लाइनें और 400 केवी क्षमता की एक (ढल्केबर-मुजफ्फरपुर) है। ढल्केबर-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के तहत 2000 मेगावाट की पांच लाइनों से 720 मेगावाट बिजली प्रसारित की जा सकती है। सतलुज जलविद्युत निगम (एसजेवीएन) ढल्केबर-सीतामढ़ी में 400 केवी क्षमता का ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कर रहा है।

400 केवी की नई बुटवल-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन का भी निर्माण होने जा रहा है। इसी तरह इनरवा-पूर्णिया में निमार्णाधीन ट्रांसमिशन लाइन को 2027/28 में और न्यू लमकी-बरेली के निमार्णाधीन ट्रांसमिशन लाइन को सन् 2028/29 में पूरा करने का लक्ष्य लेकर काम किए जाने की जानकारी दूतावास की तरफ से जारी बयान में है। इसके अलावा कुछ और अधिक अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने को लेकर अध्ययन करने पर भी सहमति बनी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# स्मृति ईरानी ने भारत और सऊदी अरब के बीच हुए हज समझौते पर किया हस्ताक्षर




**जेद्दा।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने भारत और सऊदी अरब के बीच रविवार को हुए हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं विदेश राज्य मंत्री एवं संसदीय मामलों के राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने सऊदी के हज और उमरा मंत्री डॉ. तौफीक बिन फौजान अल-रबिया के साथ द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को दोनों देशों के बीच हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर करने और हज कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचीं। जेद्दा एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत डा. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी के हज व उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया।

जेद्दा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी गहरी हुई है। यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक कर आगामी हज यात्रा से जुड़े आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगी। ईरानी सोमवार को सऊदी अरब के हज व उमरा मंत्रालय द्वारा जेद्दा में आयोजित किए जा रहे हज व उमरा कांफ्रेंस के तृतीय संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर और बातचीत के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में भारतीय कारोबारियों और भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात करेगा।

# स्मृति ईरानी गई मक्का-मदीना, मुसलमानों के दूसरे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी का दौरा किया



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब सरकार और भारत सरकार के बीच हज यात्रा-2024 के समझौते के बाद केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी सोमवार को जेद्दा से मेट्रो के जरिए मदीना-मुनव्वरा पहुंचीं। उन्होंने मक्का स्थित काबा के बाद मुसलमानों के दूसरे सबसे पवित्र स्थल माने जाने वाले मस्जिद-ए-नबवी का दौरा भी किया। इस मौके पर उनके साथ हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ लियाकत अली अफाकी भी मौजूद थे।

अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय स्मृति ईरानी सऊदी अरब सरकार के जरिए आयोजित होने वाली हज-उमरा कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए इस वक्त सऊदी अरब में हैं। हज कमेटी के सीईओ लियाकत अली अफाकी ने बताया कि मदीना मेट्रो स्टेशन पर भारतीय उमरा यात्रियों ने बहुत ही गर्मजोशी के साथ ईरानी का स्वागत किया। सेल्फी फोटो ली और वीडियोग्राफी भी की। केंद्रीय मंत्री ने भी वहां पर मौजूद तमाम लोगों से खुशगवार माहौल में मुलाकात करके उनका शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने बताया कि ईरानी ने सबसे पहले मस्जिद-ए-नबवी का दौरा किया और वहां पर भी हिंदुस्तानी उमरा यात्रियों ने उनका दिल की गहराइयों से स्वागत किया और उन्हें बहुत देर तक घेरे रखा। इसके बाद ईरानी ओहद के पहाड़ों पर गईं, जहां दुनिया के तमाम देश से आने वाले उमरा यात्रियों ने स्वागत किया और उन्होंने फोटो और वीडियो ग्राफी की।

मस्जिद-ए-नबवी के बाद ईरानी मस्जिद कुबा गईं और पवित्र जमजम का पानी पिया। इस मौके पर सऊदी अरब में स्थित भारतीय राजदूत डॉ. सोहेल एजाज खान ने ईरानी को तीनों पवित्र स्थानों के बारे में ऐतिहासिक प्रमाणों के माध्यम से जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने भारतीय हज यात्रियों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न जानकारियां भी साझा कीं और होटलों का भी निरीक्षण किया, जहां हज यात्रियों को ठहरने के लिए इंतजाम किया जाना है। इस मौके पर विदेश मंत्रालय, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सहित दूतावास के अधिकारी भी मौजूद थे।